और कुछ नहीं: "सबार ऊपरे मानुष सत्य, ताहर ऊपरे नाईः ।" सन्त कबीर तो सबसे बड़े मानववादी विचारक हुए ही हैं उन्होंने मानव समाज की भौतिक एकता की और सर्व-साधारण का ध्यान आकर्षित करते हुए अपनी रचनाओं के अन्तर्गत कई स्थलों पर जाति, कुल, धन तथा धर्म सम्बन्धी वैषम्य को लेकर विचार व्यक्त किये हैं। कबीर कहते हैं कि– "गर्भावस्था में तो कोई जाति या कुल का चिह्न नहीं रहा करता और सबकी उत्पत्ति एक ब्रह्म बिन्दु से ही हुआ करती है। फिर पण्डित ब्राह्मण कब से हो गया ! यदि वह ब्राह्मण वा ब्राह्मणी का उत्पन्न किया हुआ है तो उसकी उत्पत्ति के ढंग में भी कुछ विभिन्नता होना चाहिये थी। परन्तु वह भी सभी की भांति जन्म लेता है तो फिर वह किस प्रकार ब्राह्मण हो गया और दूसरे शुद्ध बन गये अथवा वे किस प्रकार साधारण रक्त रह गये और वह पवित्र दूध हो गया। सच बात तो यह है कि जो ब्रह्म का विचार कर सकता है, वही ब्राह्मण है।"[1] कबीर की दृष्टि में मनुष्य का कर्म मुख्य है, उसका वंश नहीं। ऊंचे वंश में उत्पन्न कुकर्मी व्यक्ति उसकी दृष्टि में उतना ही गर्हित है जितना शराब से भरा हुआ स्वर्ण कलश। अपने मानववादी दृष्टिकोण के कारण ही कबीर शास्त्र ज्ञान की तुलना में मानव के अपने अनुभव और प्रेमभावना को अधिक महत्व देते हैं। इसलिये उन्होंने पण्डित को फटकारते हुए कहा है—

तू कहता कागद की लेखी, मैं कहता आंखिन की देखी।

और इसी कारण उन्होंने पुस्तक ज्ञान का विरोध किया है जो प्रेम की पीड़ा उत्पन्न नहीं करता—

कबीरा पढ़िया दूरी करि, आधि पढ़्या संसार।
पीड़ न उपजी प्रीति सूं, तो क्यों करि करे पुकार।[2]

कबीर के समान रैदास, दादू, नानक आदि सन्त कवियों ने भी मानववादी विचार प्रकट किये हैं। रैदास ने जाति या वंश के आधार पर मनुष्य और मनुष्य के बीच के भेदभाव को अस्वीकार किया है। दादूदयाल ने मानव जीवन को बहुत महत्व दिया है। उन्होंने मानव–देह को अमूल्य बताते हुए नरनारायण के समकक्ष रखा है–

बार बार यहु तन नहीं, नरनाराइंण देह।
दादू बहुरि न पाईये, जनम अमोलिक एह ॥[3]

---

१ पं० परशुराम चतुर्वेदी, उत्तरी भारत की सन्त परम्परा, पृष्ठ २१२

२ डॉ० माताप्रसाद गुप्त, सम्पादक, कबीर ग्रन्थावली, पृष्ठ ६५

३ पं० परशुराम चतुर्वेदी, सम्पादक, दादूदयाल ग्रन्थावली, पृष्ठ १०९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस दोहे से यह व्यंजित है कि मनुष्य को उसका शरीर श्रेष्ठ कर्म के लिये प्राप्त हुआ है, इसलिये उसका अधिक से अधिक सदुपयोग करना चाहिये।

गुरू नानक भी महान मानववादी विचारक थे। नानक का मुख्य उद्देश्य मानव में एकता स्थापित करना था। उनका उपदेश था कि-मनुष्य मात्र की भलाई करो, मनुष्य मात्र से प्रेम करो तथा प्रत्येक प्राणी से भ्रातृभाव और स्नेह करो। इधर सगुण भक्त कवियों में सूर और तुलसी दोनों को ही मानववादी कहा जा सकता है। सूरदास ने अपने काव्य में कृष्ण के राजत्व के स्थान पर उसके गोपत्व की प्रतिष्ठा की है। सूरदास के कृष्ण गोपों के बीच में एक समान्य मनुष्य के रूप में विचरण करते हुए दिखाई देते हैं, यद्यपि वे अपेक्षाकृत अधिक सम्पन्न गोप नन्द के संरक्षण में पलते हैं तथापि मानो सूरदास उनकी श्रेष्ठता के पक्ष में नहीं हैं। वे उन्हें साधारण गोपों के बीच एक साधारण गोप के रूप में ही देखना चाहते हैं। इसीलिए खेल-खेल में अन्य गोपों के मुख से वे कृष्ण की इस श्रेष्ठता का प्रतिवाद करवाते हैं—

खेलत में को काको गोसैंयां।[1]

कृष्ण के मथुरा चले जाने पर सूरदास ने गोपियों के मुख से उनके राज-वैभव के प्रति वितृष्णा प्रकट करवाई है। गोपियां उनके बड़प्पन पर व्यंग्य करती हुई कहती हैं-

कौन काज बृंदावन के सुख, दही भात की छाक
अब वे स्याम कूवरी दोऊ, बने एक ही ताक।।
वे प्रभु बड़े सखा तुम उनके, जिनकें सुगम अनीति।
या जमुना जल की सुभाव यह, सूर विरह की प्रीति।।[2]

तुलसीदास ने भी अपनी प्रबल आध्यात्मिक चेतना के बावजूद मानव जीवन को मूल्यवान ठहराया है। उनका कहना है--

बडे भाग मानुषतनु पावा। सूरदुर्लभ सब ग्रंथहिं गावा।।[3]

इस सम्बन्ध में डॉ० जगदीश शर्मा का कथन ध्यान देने योग्य है-मानस को भक्ति-ग्रंथ मात्र मानने वाले समीक्षकों ने उसे आध्यात्मिक दृष्टि से तो देखा है किन्तु

१ पं० रामचन्द्र शुक्ल, सम्पादक. भ्रमरगीत-सार, पृष्ठ ५५

२ वही, पृष्ठ १२

३ पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र; सम्पादक, रामचरित मानस, पृ० ४१५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानवीय मूल्यों की दृष्टि से उसकी परीक्षा नहीं की है, क्योंकि उन्होंने उसके पारलौकिक तत्व के भीतर लौकिक दृष्टि की शोध अनावश्यक समझी है। परन्तु बात ऐसी नहीं है। जहां तक मानस कथा के फलागम का प्रश्न है, राम राज्य मानवीय सुख की कल्पना है।[1] तुलसीदास की दृष्टि में सबसे बड़ा धर्म परोपकार है और सबसे बुरी बात परपीड़न है।

परहित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधमाई॥[2]

उन्होंने सन्त-असंतों का जो वर्णन किया है उसमें सन्तों को मानवीय गुणों से युक्त और असन्तों को मानवीय गुणों से रहित बतलाया है। इससे स्पष्ट है कि तुलसीदास की दृष्टि में मानवीय मूल्य बराबर रहे हैं। तुलसीदास की भक्तिभावना मनुष्यों के बीच भेदभाव को निषेध करती है। इस बात को लक्ष्यकर डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने लिखा है कि-"इस समस्या का उन्होंने यही समन्वय किया कि अगर छोटी जाति का आदमी भक्त हो तो वह मुहूर्त-भर में ऊंची जाति के भक्तों से ऊपर उठ जाता है, भरत सम भाई, हो जाता है।"

मुक्तिबोध भी यह मानते हैं कि सामन्ती दृष्टिकोण के बावजूद तुलसीदास के काव्य में मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा हुई है। उनका कहना है-"तत्कालीन मानव-सम्बन्ध, विश्व-दृष्टि तथा जीवन-मूल्यों के सर्वोच्च प्रतीक की मानवता, वह सचेष्ठ आन्तरिकता: जो तत्कालीन आदर्शों के बनी हुई थी: हम पर छा जाती है, किन्तु उनके भीतर जो तत्कालीन मानव सम्बन्ध है उनका कहीं भी भंग न करते हुए राम ने निषाद और गुह से भी आलिंगन किया, शबरी के बेर खाये, केवट से दोस्ती की, वनवासी असभ्यों को गले लगाया, तत्कालीन मानव सम्बन्धों का वास्तविक निर्वाह उन्होंने अपने इन्हीं आदर्श क्षणों में किया। उनसे भी वे मानव-सम्बन्ध अधिक घनीभूत ही हुए हैं। निषाद निषाद ही रहा किन्तु राम का रामत्व सामन्ती मानवादर्श में जगमगा उठा। तत्कालीन मानव सम्बन्धों के घेरे के भीतर मानवता की जितनी भी सर्वोच्चता सम्भव थी, उतनी तुलसीदास के राम में समा गई। इसीलिए तत्कालीन समाज के आदर्श चरित्र राम हैं। राम की इस आदर्शमयी आन्तरिकता के चित्र-उनकी भीतरी मानवता के ये हमें आज भी द्रवीभूत करते हैं।[3]

---

१ डॉ० जगदीशप्रसाद शर्मा, रामचरितमानस का मनोवैज्ञानिक अध्ययन, पृ० १४१

२ पं० विश्वनाथप्रसाद मिश्र, सं० रामचरित मानस, पृ० ४१४

३ गजानन माधव मुक्तिबोध, नये साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र, पृ० १२४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सच यह है कि हिन्दी का मध्ययुगीन काव्य भक्ति, नीति, काव्य-रीति, शृंगार और अभिव्यंजना की दृष्टि से जितना समृद्ध है उतना ही वह अपने युग के सामाजिक राजनीतिक, धार्मिक, पारिवारिक और आर्थिक सम्बन्धों को भी व्यक्त करने वाला है।[१] इस प्रकार से वह पूर्ण मानववादी है।

अन्ततः हम यह निस्संकोच कह सकते हैं कि यूरोप के समान भारत में भी मध्ययुगीन भक्ति-साहित्य में मानववादी विचारधारा का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है।

–व्याख्याता, हिन्दी,
राजकीय कालेज
बाड़मेर : राजस्थान

१ डॉ० गायत्री वैश्य, मध्ययुगीन हिन्दी काव्य में समाज, भूमिका से।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्व-मध्ययुगीन गुर्जरदेश के ब्राह्मण-नामों का विवेचन: एक आभिलेखिक अध्ययन

डॉ० गौरीशंकर तिवारी

भारतवर्ष के सांस्कृतिक इतिहास में व्यक्तिगत नामों की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है और अब भी है। सामान्यतः नामों से वंश, धर्म, जाति एवं व्यक्ति के सांस्कृतिक लक्षण की सूचना उपलब्ध होती है।[१]

नामों के दो बड़े समूह 'मनुष्य नाम' एवं 'स्थान नाम' का महत्त्व मानव जीवन में सदा रहता है। सही रूप से यदि विचार किया जाय तो दोनों नाम मनुष्य की भाषा के अंग हैं तथा इनसे मनुष्य के भूतकाल के इतिहास और संस्कृति पर प्रकाश पड़ता है। पश्चिम के देशों में स्थानीय नामों का ब्यौरेवार अध्ययन किया गया है जिनसे जातियों की भाषा, फैलाव और रहन-सहन सम्बन्धी पर्याप्त जानकारी मिलती है। प्रस्तुत लेख में आभिलेखिक साक्ष्यों की सहायता से पूर्व-मध्ययुगीन गुर्जर देश के ब्राह्मण-नामों का विवेचन किया गया है।

त्रैकूटक, संगमसिंह एवं कलचुरिकालीन ब्राह्मणों के नाम

पांचवीं एवं छठी शताब्दीकालीन त्रैकूटक, संगमसिंह एवं कलचुरि दानपत्रों पर आधारित गुर्जरदेशीय ब्राह्मण-नामों से सम्बन्धित अधोलिखित सूची ध्यातव्य है:—

नाम का प्रथम भाग

नण्ण, नाग, अनन्त, प्रजापति, शिव, भाणु, भव, बोध, वाप।

---

१ संकालिया. हंसमुख धीरजलाल—"कलचरल सिग्निफिकेन्स ऑफ दि पर्सनल एण्ड दि प्लेस नेम्स फ्राम वाकाटक इन्सक्रिप्शन्स"
—डेक्कन कालेज रिसर्च बुलेटिन, भाग १८ (१९५७), पृ. १७३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उक्त सूची से अवगत होता है कि गुर्जरदेश के ब्राह्मण परिवार में देवी-देवताओं के नाम को आधार बनाकर नामकरण किया जाता था। विष्णु से सम्बन्धित नाम की श्रेणी के अन्तर्गत उक्त नण्ण [नन्न नारायण का मन्दिर बंगाल में धर्मपाल के समय था जिसका पुजारी लाट (गुजरात) द्विज था], प्रजापति एवं अनन्त ब्राह्मण नाम आते हैं। इसके अतिरिक्त शिवपरक नाग शिव, नाग एवं भव है। ऐसा विदित होता है कि तत्कालीन ब्राह्मणों में विष्णु एवं शिव का महत्त्व था।

नक्षत्रयी या नाक्षत्रिक नाम केवल भाणु (भानु या सूर्य) मिला है।

सम्बन्धसूचक बप्प नाम मिला है। बप्प से तात्पर्य बाप या पिता होता है। गुर्जर देश में सम्भवतः पिता को बाप कहा जाता था। आज भी उत्तर भारत के अधिकांश गांवों में बाप शब्द पिता के लिये प्रयुक्त होता है।

गुर्जरदेशीय नामों की सूची के अधिकांश नाम शुद्ध संस्कृत भाषा में उल्लिखित है जबकि अल्प नाम प्राकृत भाषा में हैं।

शुद्ध संस्कृत भाषा से सम्बन्धित अद्योलिखित नाम विचार्य है–

नाग, अनन्त, प्रजापति, शिव, भव, बोध

इसके अतिरिक्त प्राकृत नाम भी ध्यातव्य हैं :—

नण्ण, भाणु, बप्प

उक्त 'ण' से समाप्त होने वाले देशी या प्राकृत नामों का प्रचलन गुर्जरदेशीय ब्राह्मण परिवारों में था।

उपरोक्त तथ्यों की सहायता से कहा जा सकता है कि गुर्जरदेश के ब्राह्मणों में शुद्ध संस्कृत भाषा प्रचलित थी एवं प्राकृत भी कतिपय परिवारों में प्रभाव रखती थी।

नामों की सूची

क्र.सं.	ब्राह्मण नाम	गोत्र	राजा का नाम	समय	अभिलेख प्राप्ति स्थान	संदर्भ	वि. वि.
1	नण्ण स्वामी	धरोना	धरसेन	क० व० 207 = 457 ई०	पर्दी	कार्पस[1] 4, पृ० 24	
2	नामशर्मा	भारद्वाज	व्याघ्रसेन (त्रैकूटक)	क० द० 247 = 490 ई०	सूरत	,, पृ० 27	

---

१ मिराशी–कार्पस इन्सक्रिप्सनम इण्डिकेरम, भाग 4, पृ० 24

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

3	अनन्तदत्त	छन्दोगि	संगमसिंह	क० व० 292 = 541 ई०	सुनाओकला	कार्पस 4, पृ० 35
4	प्रजापति	गालव	”	”	”	” ”
5	शिवदेव	लौकाक्षि	”	”	”	” ”
6	भाणुदेव	लोहायन	”	”	”	” ”
7	भवरूचि	पौर्ण	”	”	”	” ”
8	अनन्त स्वामी	कौत्स	शंकरंगण (कलचुरि)	छठी शती उत्तरार्द्ध अन्तिम भाग	संखेड़ा	” पृ० 46
9	बोधस्वामी	काश्यप	बुद्धराज कलचुरि	क० व० 360 = 610 ई०	वडनेर	” पृ० 50
10	बप्पस्वामी	पाराशर	”	क० व० 361 = 611 ई०	सर्सवनी	” पृ० 55

गुर्जरकालीन ब्राह्मणों के नाम

सातवीं-आठवीं शताब्दीकालीन गुजरात के अधिकांश ब्राह्मण परिवारों में भिन्न-भिन्न प्रकार के नाम रखे जाते थे जिनके सम्बन्ध में सूचनाएं तत्कालीन गुर्जरकालीन दानपत्रों पर आधारित निम्नलिखित सूची से मिलती हैं–

नाम का प्रथम भाग

भट्टि, गोप, विशाख, अग्नि, द्रोण, वत्र, तापि, दत्त, भागि, पितृ, कर्क, आवूक, वाट, शैल, घोष, महादेव, वाव, महिधर, धर, नन्दि, रामिल, धर्म, इन्द्र, आदित्य, ईश्वर, धर, दाम, भद्र, वायु, रुद्र, पूर्ण, सूर्य, दत्त, देव, नारायण, षष्ट, आचड आदि।

गुर्जरकालीन ब्राह्मण परिवारों में नाम चयन का आधार नक्षत्रयी या नाक्षत्रिक देवी-देवताओं के नाम को बनाया जाता था। उक्त सूची से विदित होता है कि इस प्रकार की श्रेणी के अन्तर्गत अधोलिखित नाम आते हैं–

नक्षत्रयी नाम

आदित्य	रुद्र (1)
अग्नि	विशाख
इन्द्र	वायु (1)
कर्क	सूर्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदित्य, अग्नि, इन्द्र, रुद्र, एवं वायु नक्षत्र देवताओं के नाम हैं।

गुर्जरदेश के अधिकांश ब्राह्मणों के नाम देवी–देवताओं के नाम से प्रारम्भ किये जाते थे जिनका नीचे उल्लेख किया जाता है–

देवी-देवतापरक नाम

धर्म	नन्दि
दत्त	राम
देव	नारायण
दामोदर	रुद्र
गोविन्द	ईश्वर
महादेव	

उक्त नामों से अवगत होता है कि यम, विष्णु (कृष्ण), शिव एवं राम जैसे विशिष्ट देवताओं का प्रभाव गुर्जर ब्राह्मणों में था। यम से सम्बन्धित ब्राह्मण नाम धर्म है। दत्त, दामोदर, गोविन्द, राम, ईश्वर एवं नारायण नाम विष्णुपरक प्रतीत होते हैं। देव, महादेव, नन्दि एवं रुद्र को शिवनाम कहा जाता है। ऐसा ज्ञात होता है कि गुर्जर ब्राह्मण पौराणिक देवताओं के उपासक थे।

गुर्जरदेशीय ब्राह्मणों के कतिपय परिवारों में गोत्र एवं पूर्वज के नाम को भी नामकरण में आधार बनाया जाता था। यथा–

द्रोण

पितृ

जातिपरक या जातीय नामों का प्रचलन भी गुर्जरकालीन ब्राह्मणों में था। इस प्रकार के अधोलिखित नाम ध्यातव्य हैं–

दान धन आदि से सम्बन्धित नाम हैं जो वैश्य जाति का प्रतिनिधित्व करता है। इससे यह संकेत मिलता है कि गुर्जर ब्राह्मणों का नाम–चयन में विस्तृत दृष्टिकोण रहता था।

नदीपरक नाम भी गुर्जरकालीन ब्राह्मणों में प्रयुक्त होता था। एक ब्राह्मण का नाम तापि था जो सम्भवतः ताप्ती नदी के नाम पर रखा गया।

वाद्य से सम्बन्धित ब्राह्मण नाम भी प्रचलित थे। यथा–

घोष, दुन्दुमी

कतिपय ब्राह्मणों के नाम पहाड़ आदि से शुरु किये जाते थे यथा शैल।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्राह्मण परिवारों में भट्टिनाम प्रयुक्त होता था। भट्टि भट्ट से बना है जो बहुधा विद्वान् ब्राह्मणों के नामों के साथ प्रयुक्त होने वाली उपाधि मानी जाती है।

कुछ ब्राह्मणों के कुछ नाम ऐसे हैं जिनका अर्थ स्पष्ट नहीं होता, यथा—-
आबूक, वाट, चष्ट, आचड

इस प्रकार के नाम शकों एवं क्षत्रपों के नामों की श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विदेशी भाषाओं का प्रभाव गुर्जरकालीन ब्राह्मणों पर था।

उपरोक्त नामों के अनुशीलन से अवगत होता है कि गुर्जर राजाओं के समय में गुजरात के ब्राह्मणों में शुद्ध संस्कृत भाषा बोली जाती थी या इस भाषा का विशेष प्रभाव था। अधिकांश ब्राह्मणों के नाम शुद्ध संस्कृत भाषा के हैं। भाषा के अतिरिक्त यह स्पष्ट विदित होता है कि ब्राह्मणों पर शैव एवं वैष्णव धर्म का प्रभाव अधिक था क्योंकि इनसे सम्बन्धित देवी-देवताओं के नामों से ब्राह्मण नामों का चयन किया जाता था।

गुर्जरकालीन ब्राह्मण नामों की सूची

ब्राह्मण नाम	गोत्र	राजा का नाम	समय	अभिलेखप्राप्ति स्थान	सन्दर्भ वि० वि०
भट्टि	वत्स	दद्द द्वितीय	क.व. ३८० ६२९ ई०	कैरा	कार्पस, ४, २,पृ. ६२
गोपादित्य	,,	,,	,,	,,	,,
भट्टिगण	,,	,,	,,	,,	,,
विशाख	,,	,,	,,	,,	,,
अग्निशर्मा	,,	,,	,,	,,	,,
द्रोण	,,	,,	,,	,,	,,
भट्टिदामन वत्र	काश्यप	,,	,,	,,	,,
द्वितीय शर्मा	डौण्डकीय	,,	,,	,,	,,
तापिशर्मा	,,	,,	,,	,,	,,
दत्रस्वामी	,,	,,	,,	,,	,,
भागिस्वामी	,,	,,	,,	,,	,,
पितृशर्मा	,,	,,	,,	,,	,,
भट्टि	,,	,,	,,	,,	,,
द्रोड़	,,	,,	,,	,,	,,
कर्क	धूमरायण	,,	,,	,,	,,
आवूक	,,	,,	,,	,,	,,
वाट शर्मा	कौण्डिन्य	,,	,,	,,	,,
शैल	,,	,,	,,	,,	,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धर्मधर	हारित	दद्द द्वितीय	क.व.३८० ६२९ ई०	कैरा	कर्पास ४,२, पृ० ६२
घोष	कौण्डिन्य	"	"	"	"
महादेव	"	"	"	"	"
बाव	"	"	"	"	"
धर	माठर	"	"	"	"
विशाख	"	"	"	"	"
नन्दि	"	"	"	"	"
रामिल	"	"	"	"	"
इन्द्र शर्मा	भारद्वाज	"	"	"	"
आदित्यरवि	"	"	"	"	"
तापिशूर	"	"	"	"	"
इन्द्रशूर	"	"	"	"	"
ईश्वर	"	"	"	"	"
धर	"	"	"	"	"
दामधर	"	"	"	"	"
ईश्वर	"	"	"	"	"
भद्र	चौलि	"	"	"	"
वायु शर्मा	"	"	"	"	"
द्रोणस्वामी	"	"	"	"	"
रुद्रादित्य	"	"	"	"	"
पूर्णस्वामी	"	"	"	"	"
सूर्य	भारद्वाज	"	क.व.३९२- ६४२ ई.	संखेड़ा	कार्पस ४,२, पृ०७७
दत्त	प्रागायण	जयभट्ट तृतीय	क.व. ४५६- ७०६ ई.	नवसारी	" पृ० ८६
देवस्वामी		गुर्जर			
नारायण	शाण्डिल्य	जयभट्ट तृतीय	क.व. ४६०- ७१० ई.	अजनेरी	" पृ० ९३
षष्ट स्वामी	"				
आचड	कौण्डिन्य	" चतुर्थ	क.व. ४८६- ७३६ ई.	प्रिन्स आफ वेल्स	" पृ० १०५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदित्यनाथ	कौण्डिन्य	जयभट्ट चतुर्थ	क.व. ४८६-७३३ ई.	प्रिन्स आफ वेल्स	कार्पस ४, २	पृ. १०५
दुन्दुभी	भारद्वाज	दद्द तृतीय	क.व. ४२७-६७७ ई.	"	"	पृ० ६२१

राष्ट्रकूटकालीन ब्राह्मण नाम

नवीं शताब्दीकालीन राष्ट्रकूटों के दानपत्रों से सूचना मिलती है कि गुर्जरदेशीय ब्राह्मण परिवारों में अधोलिखित व्यक्तिगत नाम प्रयुक्त होते थे–

नाम का प्रथम भाग

सोम	सर्वदेव	नाहर	महेश्वर	द्रोण	शर्मा
वप्पुक	गोव	नैव	भौल्ला	अण्ह	नासेन
लिम्ब	आदित्य	योग	अग्नि	नाग	नाण
रेवा	नीव	ईश्वर	बप्प	शिव	देव
सिंह	नन्न	भातृ	नैना	लाल्ल	जज्जुक
दत्तं	समवौरा	नाग	दामोदर	राणप	प्रभाकर
सिद्ध्य	वेन्नप	त्रिविक्रम	नेम	भोमिक	भट्ट

उक्त सूची से विदित होता है कि राष्ट्रकूटकालीन ब्राह्मणों के नामों में देवी–देवताओं के नाम प्रचलित थे। विष्णु एवं शिव से सम्बन्धित नामों को नाम चयन का आधार बनाया जाता था। इनसे सम्बन्धित निम्नलिखित नाम ध्यातव्य हैं:–

देवी–देवतापरक नाम

सर्वदेव	महेश्वर	नाग	ईश्वर	शिव	देव
नन्न (नन्न-नारायण?)	दामोदर	त्रिविक्रम	वित्थल (विष्णु का नाम है जो महाराष्ट्र में प्रचलित है)[1]		
योग					

विष्णुपरक नाम की श्रेणी के अन्तर्गत नन्न, (नन्न नारायण?) वित्थल, दामोदर एवं त्रिविक्रम ब्राह्मण नाम हैं। इसके अतिरिक्त योग, सर्वदेव, महेश्वर, नाग, ईश्वर एवं देव शिव के नाम प्रतीत होते हैं। ऐसा अवगत होता है कि तत्कालीन ब्राह्मण परिवारों में शिव एवं विष्णु की उपासना की जाती थी। यह संभव है कि इन देवतानामों को धारण करनेवाले ब्राह्मण अपने नाम वाले देवता के उपासक न हों किन्तु यह कहा जा सकता है कि ब्राह्मण उक्त देवताओं से प्रभावित होकर नाम चयन किया करते थे।

---

१ संकालिया, पृ० ११७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रकूट ब्राह्मणों के नाक्षत्रिक नाम भी होते थे। सूची से अवगत होता है कि ब्राह्मणों में नाक्षत्रिक देवी–देवताओं के नामों से नाम प्रारम्भ किये जाते थे। यथा–

नक्षत्रयी नाम

आदित्य	रेवा (रवि ?)
अग्नि	रेव
भानु	सोम

यदा-कदा राष्ट्रकूटकालीन ब्राह्मणों के नाम सम्बन्ध सूचक हुआ करते थे। यथा–

मातृ
बप्प (बाप या पिता ?)
बप्पुक

क्षत्रियपरक नामों का प्रचलन भी तत्कालीन ब्राह्मण परिवारों में था। एक ब्राह्मण का नाम सिंह से शुरू हुआ है। इससे ज्ञात होता है कि ब्राह्मणों में नामकरण करते समय संकुचित दृष्टिकोण व्याप्त नहीं था।

राष्ट्रकूटों के समय में ब्राह्मणों के अधिकांश नाम ऐसे हैं जो शुद्ध संस्कृत भाषा में नहीं है एवं उनका निश्चित रूप से अर्थ स्पष्ट नहीं होता। सम्भवतः वे किसी बाहरी यथा कन्नड़ या अन्य भाषा के हैं या वे देशी नामों की श्रेणी के अन्तर्गत रखे जा सकते हैं। इस प्रकार के अधोलिखित नाम विचार्य हैं–

वप्पुक	लाल्ल
गोव	जज्जुक
नेव	समबौरा
अण्ह	सोभा (शोभा ?)
नासेन	सगुल (सगुन या सगुण ?)
लिम्ब	राणप
नाण	सिद्धप
भीला	वेन्नप
नीवा	भौमिक
नन्न या नण्ण	नैना

देशी नामों का वर्गों में विभाजन–यथा "क" से समाप्त होने वाले नाम—

वप्पुक
जज्जुक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भौमिक

''ण'' या 'न' से समाप्त होने वाले नाम

नाण

नण्ण

''न'' से समाप्त होने वाले नाम

नासेन

नन्न

नैना

''प'' से समाप्त होने वाले नाम

राणप

सिद्धप

वेनप

बप्प

''ब'' से समाप्त होने वाला नाम

लिम्ब

''भ'' से समाप्त होने वाला नाम

सोभा (शोभा ?)

''र'' से समाप्त होने वाले नाम

समकौरा

नाहर

''ल'' से समाप्त होने वाले नाम

वित्थल

सगुल (सगुण या सगुन ?)

भौला (भौला ?)

लाल्ल

''व'' से समाप्त होने वाले नाम

गोव

नेव

नीवा

''ह'' से समाप्त होने वाला नाम

अण्ह

उक्त नाम देशी या प्राकृत भाषा के नाम प्रतीत होते हैं। इन नामों के देखने से यह भी शंका उत्पन्न होती है कि उनमें विदेशी भाषाओं के तत्त्व भी हो सकते हैं। सम्भवत: शकों या क्षत्रपों की भाषा का भी प्रभाव पड़ा हो ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपरोक्त राष्ट्रकूटकालीन ब्राह्मणों के विभिन्न प्रकार के नामों से सम्बन्धित तथ्यों पर विचार करने से यह अवगत होता है कि उनमें दो प्रकार की भाषा प्रचलित थी, यथा-१–शुद्ध संस्कृत भाषा, २–देशी या प्राकृत (कन्नड़ भाषा ?)। प्राकृत नामों का नृवंश विद्या की दृष्टि से अध्ययन भी विशेष महत्त्वपूर्ण प्रतीत होता है।

राष्ट्रकूटकालीन नामों की सूची

ब्राह्मण नाम	गोत्र	राजा का नाम	समय	अभिलेख	सन्दर्भ वि०वि०
सोभ	लातायन	गोविन्दराज	शक सं.७३५	तोर्खेद	ए.इ.3, पृ. ५५-५६
सर्वदेव्र	,,	,,		,,	,,
नाहर	गौतम	,,		,,	,,
महेश्वर	,,	,,		,,	,,
द्रोण	वार्षगेय	,,		,,	,,
शर्मा	,,	,,		,,	,,
सोम	कात्यायन	,,		,,	,,
वप्पुक	,,	,,		,,	,,
सर्वदेव	मुद्गल	,,		,,	,,
गोव	वत्स	,,		,,	,,
नेव	,,	,,		,,	,,
भौल्ला	,,	,,		,,	,,
गोवशर्मा	,,	,,		,,	,,
अण्हादित्य	गौतम	,,		,,	,,
नासने	,,	,,		,,	,,
द्रोण	,,	,,		,,	,,
लिम्बादित्य	अग्नेयस	,,		,,	,,
आदित्य	पराशर	,,		,,	,,
योग	शाण्डिल्य	,,		,,	,,
अग्निशर्मा	मुद्गल	,,		,,	,,
नेवरेव	,,	,,		,,	,,
नाग	माठर	,,		,,	,,
नाणसर	,,	,,		,,	,,
खेसमा	योगन	,,		,,	,,
भौला	,,	,,		,,	,,
नीवादित्य	भारद्वाज	,,		,,	,,
ईश्वर	कौश	,,		,,	,,
बप्पस्वामी	वर्णगेय	,,		,,	,,
				,,	,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोवशर्मा	वर्णणेय	गोविन्दराज		तोर्खेद	ए.ई. ३ पृ. ५५-५६
शिवादित्य	लावायन	,,		,,	,,
देवभट्ट	,,	,,		,,	,,
सिंह	,,	,,		,,	,,
नन्न	कात्यायन	,,		,,	,,
मातृशूर	अग्नेयस	,,		,,	,,
महेश्वर	,,	,,		,,	,,
नैना	,,	,,		,,	,,
लाल्ल	भारद्वाज	,,	श.सं. ७३५ ८१३ ई०	,,	,,
जज्जुक	,,	,,		,,	,,
दत्त	सौदान	,,		,,	,,
अग्मिशर्मा	अग्नेयस	,,		,,	,,
नेवादित्य	कौश	,,		,,	,,
समवीरा	,,	,,		,,	,,
जज्जुक	वर्णणेय	,,		,,	,,
आदित्य	गौतम	,,		,,	,,
आदित्य चीह	मुद्गल	,,		,,	,,
सोभा	,,	,,		,,	,,
अग्निशर्मा	,,	,,		,,	,,
रेवा	अग्नेयस	,,		,,	,,
नागकुमार	कौण्डिन्य	सुवर्णवर्ष	श.सं.७४६- ८२५ ई०	ब्रह्मनपल्ली	ए. इ. २३, पृ. ८४
दामोदर	कौण्डिन्य	,,	,,	,,	,,
सगुल दीक्षित	हारित	बुद्धवर्ष		संजन	ए. इ. १४, पृ. १५०
रेवा	,,	,,		,,	,,
राणपभट्ट	लक्ष्मण	इन्द्रराज	श.क.सं. ८३६- ९१५ ई०	,,	,,
प्रभाकर भट्ट	,,	,,	,,	,,	,,
सिद्धपभट्ट	,,	,,	,,	,,	,,
वेन्नपभट्ट	,,	,,	,,	,,	,,
त्रिविक्रमभट्ट	,,	,,	,,	,,	,,
नेमादित्य	,,	,,	,,	,,	,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भोमिक	अत्रि	गोविन्दराज	श सं. ७३८-८१० ई.	ए.इ. १६, पृ. २५४
भट्टजय	"	"	"	"

चालुक्यकालीन ब्राह्मणों के नाम

प्रारम्भिक एवं परवर्ती चालुक्यों के दानपत्रों (७ वीं शदी, १२ वीं सदी) से विदित होता है कि गुजरात के ब्राह्मण परिवारों में निम्नलिखित व्यक्तिगत नाम प्रचलित थे—

नाम का प्रथम भाग	
किक्कक	श्री
भागिक्क	वल्ल
गोभि	लुला
मातृ	उया
सामन्त	माधव
प्रीति	भाभा
त्रिविक्रम	बालण
नण्ण	विष्णु
कांचल	वेणी
गोविन्दलि	जानक
देल्हण	दामोदर

उक्त सूची से ज्ञात होता है कि चालुक्यों के समय ब्राह्मणों के नाम देवी-देवताओं के नाम से प्रारम्भ किये जाते थे, यथा–विष्णुपरक नाम-त्रिविक्रम, नण्ण (नन्न = नारायण?), गोविन्दलि (गोविन्द ?), श्री, माधव, विष्णु, दामोदर। ऐसा लगता है कि वे विष्णु से प्रभावित थे या इनमें विष्णु या वैष्णव धर्म का प्रभाव किसी न किसी रूप में था।

सामंतवादी नाम का प्रयोग कतिपय ब्राह्मण परिवारों में प्रचलित था, यथा-सामंत।

चालुक्यकालीन ब्राह्मणों के प्राकृत या देशी नामों का भी उल्लेख दानपत्रों में किया गया है। इन नामों का निश्चित रूप से अर्थ स्पष्ट नहीं होता, यथा–

किक्कक	वल्ल
भोगिक	लुला
गोभि	उया
नण्ण	भाभा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कांचल बालण
गोविन्दलि

उक्त सभी ब्राह्मण नाम प्राकृत भाषा के हैं। ऐसा अवगत होता है कि ब्राह्मणों में सम्भवतः बोलचाल की भाषा प्राकृत थी। प्राकृत नामों को अधोलिखित श्रेणी में रखा जा सकता है-

'क' से समाप्त होने वाले नाम
किक्कक
भोगिक्क
'ण' से समाप्त होने वाले नाम
नण्ण
बालण
'भ' से समाप्त होने वाला नाम
भाभा
'म' से समाप्त होने वाला नाम
गोमि
'ल' से समाप्त होने वाले नाम
कांचल
गोविन्दलि
वल्ल
लुल्ला
'य' से समाप्त होने वाला नाम
उया

उपरोक्त तथ्यों से ज्ञात होता है कि चालुक्यकालीन ब्राह्मण परिवारों में शुद्ध संस्कृत भाषा का प्रभाव कम था जबकि प्राकृत का प्रभाव विशेषरूप से था। ब्राह्मणों पर वैष्णव धर्म का प्रभाव था।

चालुक्यकालीन नामों की सूची

ब्राह्मण नाम	गोत्र	राजा का नाम	समय	अभिलेख प्राप्ति स्थान	सन्दर्भ वि. वि.
किक्कक स्वामी	काश्यप	शीलादित्य (चालुक्य)	क. व. ४८१ ६७१ ई.	नवसारी	कार्पस ४,१, पृ. १२५
भोगिक्कस्वामी	"	"	"	"	"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोमिस्वामी	काश्यप	शीलादित्य	क. व. ४८१	नवसारी	कार्पस ४, १,
मातृस्थविट	,,	(चालुक्य)	६७१ ई.	"	पृ. १२५
सामन्तस्वामी	,,	"	"	"	"
प्रीतिशर्मा	भारद्वाज	जयसिंह (चालुक्य)	क. व. ४३६- ६८५ ई०	नासिक	" पृ. १३०
त्रिविक्रम	भारद्वाज	"	"	"	" "
नण्णस्वामी	शाण्डिल्य	शीलादित्य चालुक्य	क. व. ४४३- ६६३ ई०	सूरत	" पृ. १३४
मातृश्वर	"	,,	,,	"	"
कांचल	वत्स	पुलकेशिराज (चालुक्य)	क. व. ४६० ७३७ ई.	नवसारी	" पृ. १४१
गोविन्दलि	"	"	"	"	"

परवर्ती चालुक्यकालीन ब्राह्मणों के नाम

श्रीधर	शाण्डिल्य	भीम द्वितीय	वि.सं. १२७३-	श्रीधर की देवपाटन प्रशस्ति	ए.इ. २, पृ. ४४०-४४२
वल्ल	"	मूलराज		"	"
लुला	"	कुमारपाल		"	"
उयाभट्ट	"	"		"	"
माधव	"	"		"	"
भाभा	"	"		"	"
वालण	"	कुमारपाल	वि.सं.१२०८- ११५१ ई.	व मगर प्रशस्ति	ए.इ. १, पृ. ३०१
विष्णु	"	"		,,	
वेणि	"	"			"
जानक	"	भीमदेव	वि.सं.११२०- १०६३	पालनपुर	ए.इ. २१. पृ. १७८
देल्हण	अगस्त	जयसिंह	क.व.६१८- ११६२ ई०	जबलपुर	कार्पस ४, पृ. ३२९

सैन्धव राजवंशीय ब्राह्मणों के नाम

उत्तरी काठियावाड़ (गुर्जर देश) के ब्राह्मण नामों का उल्लेख सैन्धव दानपत्रों (६ वीं शताब्दी) में हुआ है। इन दानपत्रों पर आधारित निम्नांकित नामसूची विचार्य है:-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाम का प्रथम भाग

शिव	भट्ट
शंखधर	कुलचन्द्र
रुद्र	माधव
सागर	कल्याण
गुहेश्वर	

सैन्धव शासकों के समय ब्राह्मण परिवारों में नाम-चयन का आधार शिव एवं विष्णु का नाम होता था। उक्त सूची में उल्लिखित विष्णु से सम्बन्धित ब्राह्मण नाम शंखधर एवं माधव है। शिव नाम की श्रेणी में ब्राह्मण शिव, रुद्र एवं गुहेश्वर के नाम उल्लेखनीय हैं। इससे ज्ञात होता है कि ब्राह्मणों का अधिक विश्वास शिव एवं विष्णु में था।

कतिपय परिवारों में ब्राह्मण नाम भट्ट से प्रारम्भ किया जाता था। भट्ट से तात्पर्य विशिष्ट विद्वान् यथा-आधुनिक शब्द 'प्रोफेसर'। इससे उनके विद्वान् होने की प्रवृत्ति का संकेत मिलता है।

ब्राह्मण नाम का आधार नदी या सागर भी हुआ करता था। सागर नाम का भी उल्लेख मिलता है। ऐसा संकेत मिलता है कि ब्राह्मणों में सागर की तरह गम्भीरता की प्रवृत्ति व्याप्त थी ?

सैन्धवकालीन ब्राह्मणों में नाम चयन शुभ, मंगल एवं कल्याण की भावना या प्रवृत्ति से प्रेरित होकर किया जाता था, यथा—

कुलचन्द्र
कल्याण

उक्त सभी नामों के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि ब्राह्मण की बोलचाल की भाषा शुद्ध संस्कृत थी। ब्राह्मण के नाम विशुद्ध संस्कृत भाषा के हैं। इससे उनकी शुद्ध संस्कृतजन्य संस्कृति परिलक्षित होती है।

देवी-देवतापरक नामों से उनके धार्मिक विश्वास का संकेत मिलता है। ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी आस्था पौराणिक देवता-शिव एवं विष्णु में सर्वाधिक रूप से रहा करती थी।

नामों की सूची

ब्राह्मण नाम	गोत्र	राजा का नाम	समय	अभिलेख	सन्दर्भ	विवि.
शिवरुद्र	वशिष्ठ	राणक	गु. सं. ५५५-८७४ ई०	—	ए.इ. २६,	पृ. २१६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शंखधर	वशिष्ठ	राणक	गु.सं. ५५५ ८७४ ई०	–	ए.इ. २६, पृ० २१६
रुद्र	वत्स	अग्गुक तृतीय	गु.स. ५६७ ८८६ ई०	–	तत्रैव पृ० २२१
सागर	"	"	"		"
गुहेश्वर	"	"	गु.स. ५१५- ८३४-३५	–	" पृ० २०६
कुलचन्द्र					
माधव	सांकृत्य	अग्गुक द्वितीय	गु.स. ५१३- ८३२ ई०	–	" पृ० २०१

मैत्रककालीन ब्राह्मणों के नाम

वल्लभी के मैत्रक राजाओं के दानपत्रों से ब्राह्मणों के व्यक्तिगत नाम के सम्बन्ध में सूचना मिलती है।

नाम का प्रथम भाग

अणहक	अग्नि	आखंडल	ईश्वर
कुमार	गंग	गुहआत	धंचक
चट्ट	चमस	चुनुक	तट्ट
दामोदर	देव	दत्त	धम्मिल
धनपति	नारायण	नण्ण	पिट्टलेश्वर
प्रभन्दत	बप्प	बाव	बुध
भट्टि	महेश्वर	माधव	मदन
मित्र	मातृ	यज्ञ	रोव्ध
रोध	वत्र	विष्णु	विश्वदत्त
विशाख	शंकर	श्येन	श्रीधर
स्गगल	सांव	संग	स्कन्द
स्ष्ठि			

उक्त सूची से यह ज्ञात होता है कि वल्लभी के मैत्रक राजाओं के काल में ब्राह्मणों में अनेक प्रकार के नाम रखने की परम्परा थी।

कुछ नाम मिले हैं जिन्हें नक्षत्र नाम कहा जाता है। यथा–

आदित्य	भानु
अग्नि	मित्र
चन्द्र	विशाख

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नक्षत्र नाम रखने की परम्परा गुजरात में भी रही है जिसके समर्थन की पुष्टि गुर्जर एवं चालुक्य अभिलेखों से होती है।

नक्षत्र नामों के अतिरिक्त ब्राह्मणों के पौराणिक देवतापरक नाम मैत्रक अभिलेखों में मिलते हैं जो अधोलिखित हैं :-

ईश्वर	गुहत्रात	चन्द्र	दामोदर
दत्त	देव	नारायण	पिट्टलेश्वर
बाव	बुद्ध	मदन	माधव
महेश्वर	मातृ	मित्र	यज्ञ
रुद्र	विष्णु	विश्वदत्त	शंकर
श्रीधर	सांब	स्कन्द	सष्ठि

उपरिवर्णित देवतापरक नामों से ज्ञात होता है कि मैत्रककाल में शिव एवं विष्णु से सम्बन्धित देवतापरक नाम कम हैं जबकि राष्ट्रकूटों के अभिलेखों में अधिक संख्या में इस प्रकार के नाम मिलते हैं।

पौराणिक देवी-देवताओं के नामों के साथ-साथ ब्राह्मणों के कुछ नाम मैत्रक अभिलेखों में ऐसे भी प्राप्त हुए हैं जो क्षत्रिय या वैश्य नाम की तरह जान पड़ते हैं। जैसे—

वैश्य नाम	क्षत्रिय नाम
दास	सिंह
धनपति	

उक्त सूची से विदित होता है कि मैत्रककालीन ब्राह्मणों में नामकरण का क्षेत्र संकुचित नहीं था।

इसके अतिरिक्त मैत्रक अभिलेखों में कुछ अन्य प्रकार के नाम मिले हैं एवं कुछ नाम जो शुद्ध संस्कृत रूप में नहीं जान पड़ते हैं, वे नाम निम्न हैं :-

अन्य नाम	शुद्ध संस्कृतरहित नाम
किक्कक	किक्कक
गुहिल	गिल्लक
नकुल	गोग्गड
नण्ण	सग्गड
वत्रभट्टि	
सग्गड	

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन उपरिवर्णित नामों से यह ज्ञात होता है कि इन ब्राह्मणों का सम्पर्क संभवतः पश्चिमी गुजरात के शक एवं अन्य विदेशी तत्वों से रहा हो। यहां एक जगह 'बप्प' ब्राह्मण के नाम का उल्लेख किया गया है। इस बप्प के सम्बन्ध में डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी का मत है कि इसी से बाप 'पिता' बना है। यह शब्द भी गुजराती ज्ञात होता है।

मैत्रककालीन अभिलेखों के आधार पर उपरिवर्णित ब्राह्मणों के नामों के अवलोकन से एक तथ्य निकलता है कि इनके नामों के दो भाग हैं–

१–संस्कृत नाम

२–प्राकृत नाम

संस्कृत नाम

पौराणिक देवी–देवताओं एवं नक्षत्रों इत्यादि के आधार पर संस्कृत नाम मैत्रक युग के ब्राह्मणों के मिलते हैं, यथा–

अग्नि	ईश्वर	दामोदर	देव
दत्त	धनपति	नारायण	पिट्ठलेश्वर
बुध	महेश्वर	माधव	मदन
मित्र	मातृ	यज्ञ	विष्णु
विश्वदत्त	विशाख	शंकर	श्रीधर
स्कन्द			

इस तरह के नामों की परम्परा अत्यन्त प्राचीन युग से पाई जाती थी। प्राकृत नाम भी मैत्रक अभिलेखों में मिलते हैं जिनके कुछ उदाहरण नीचे दिये गये हैं–

प्राकृत नाम

अणहक	आखंडल	कुमार	गंग
गुहत्रात	धंचक	चट्ट	चमस
चुनुक	तट्ट	धम्मिल	नण्ण
प्रभन्दत	बप्प	भट्टि	रोटध
रोध	श्येन	सग्गल	सष्ठि

इत्यादि नाम ऐसे हैं जो वास्तव में प्राकृत जान पड़ते हैं।

"क" से समाप्त होने वाले नाम

अणहक

'ग' से समाप्त होने वाले नाम

गंग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'घ' से समाप्त होने वाले नाम

रोटघ

रोघ

'ट' से समाप्त होने वाले नाम

चट्ट

तट्ट

भट्टि

'ठ' से समाप्त होने वाले नाम

सष्ठि

'ण' से समाप्त होने वाले नाम

नण्ण

'त' से समाप्त होने वाले नाम

गुहत्रात

प्रभन्दत

'न' से समाप्त होने वाले नाम

श्येन

'प' से समाप्त होने वाले नाम

बप्प

'र' से समाप्त होने वाले नाम

कुमार

'ल' से समाप्त होने वाले नाम

आखंडल

सग्गल

'व' से समाप्त होने वाले नाम

बाव

मैत्रक अभिलेखों में उल्लिखित ब्राह्मणों के नामों को देखने से इस बात का भी परिज्ञान होता है कि मैत्रककालीन ब्राह्मणों में बिना उपपद के भी नाम रखने की परम्परा थी, जिनकी पुष्टि निम्नलिखित नामों से हो जाती है—

अणहक	धंचक	चट्ट	चमस
चनुक	तट्ट	प्रभन्दत	प्रकाश
बप्प	बाव	माधव	रुद्र
रोघ	विशाख	श्येन	शंकर
संगक			

इत्यादि ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार के बिना उपपदधारि ब्राह्मणों के नामों के देखने से यह संकेत मिलता है कि ब्राह्मणों के नामकरण में उपपद रखना कोई विशेष आवश्यक नहीं माना जाता था।

इसके अतिरिक्त मैत्रक अभिलेख में केवल एक ही जगह एक ब्राह्मण के दो नाम प्रकाश एवं सग्गल दीक्षित मिला है। सम्भव है इस प्रकार की परम्परा किसी-किसी ब्राह्मण परिवार में रही है। इस प्रकार के दो नाम रखने की परम्परा वैदिक युग में थी। वैदिक काल में एक व्यक्ति के दो नाम होते थे। उनमें से एक नाम गुह्य होता था जो केवल माता-पिता ही जानते थे। वैदिक साहित्य में एक व्यक्ति के दो नामों का उल्लेख मिलता है। उसमें से एक नाम उसका अपना होता था और दूसरा या तो उसका गोत्र नाम होता था या कभी-कभी पैतृक या मातृक होता था किन्तु इस प्रकार का उदाहरण मैतृक युग में एक ही अभिलेख में मिलता है।

नाम-सूची

नाम	समय	राजा का नाम	अभिलेख प्राप्ति स्थान	संदर्भ	वि.वि.
आखंडलमित्र	७६६-६७ई०	शिलादित्य ३	मालेय	कापर्स ३, पृ.१६८	
विष्णु	,,	,,	,,	,, ,,	
रुद्रभूति	५७१-७२ई०	धरसेन २	,,	,, ३ पृ. १६६	
गंग	५२५ ई०	ध्रुवसेन प्रथम	—	एपिग्राफिका इण्डिया ३१, पृ. ३०१	
गंगदेव	,,	,,	—	,, ,,	,,
चुनुक	,,	,,	—	,, ,,	,,
रुद्र	व० सं.२५२	धरसेन २	—	,, ,,	पृ. ३०३
वप्प	—	ध्रुवसेन ३	—	,, ,,	१ पृ. ८८
भट्टि	—	,,	—	,, ,,	,,
विश्वदत्त	—	ध्रुवसेन १	—	,, ,,	१९पृ. ३०४
देव	व० सं. २१०	वल्लभी अभिलेख	—	,, ,,	,, १२६
शांति	,,	ध्रुवसेन	—	,, ,,	१७पृ. १०८
माधव	व० सं. २०७	ध्रुवसेन १	—	,, ,,	,, १४
रोटघमित्र	,, २०६	ध्रुवसेन	कोथिवाड	,, ,,	,, १०९
प्रभन्दत	व.सं.६१०-११	शिलादित्य १	भद्रेणियक	,, ,,	२१पृ.११८
रुद्र	,,	,,	,,	,, ,,	२१पृ.१७३
विष्णुयश	व.सं.३०४	धरसेन ३	भावनगर	,, ,,	,,
मित्रयश	,,	,,	,,	,, ,,	,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्राह्मण नाम	समय	राजा का नाम	अभिलेख प्राप्ति स्थान	सन्दर्भ			वि. वि.	
सगल या प्रकाश	६६६-६७ई०	शिलादित्य ३	जेसर	एपि० इ०			,,	२१०
शाम्बदत्त	,,	,,	,,	,,	,,		२१ पृ.	,,
चंचक	,,	,,	,,	,,	,,		,,	,,
चट्ट	,,	,,	,,	,,	,,		,,	,,
तट्ट	,,	,,	,,	,,	,,		,,	,,
अग्निस्वामी	६३९-४०ई०	ध्रुवसेन २	नोगव	,,	,,		८ पृ.	१७३
कुमारस्वामी	,,	,,	,,	,,	,,		,,	,,
अगस्ति	,,	,,	,,	,,	,,		,,	,,
संगरवि	,,	,,	,,	,,	,,		,,	१९४

उक्त नामों के विवेचन से ज्ञात होता है कि पूर्व-मध्ययुगीन गुर्जरदेश (गुजरात) के ब्राह्मणों में नामकरण की जो प्रवृत्ति थी, उसका कई दृष्टि से महत्व है। वैदिक परम्परा से लेकर पौराणिक, स्मार्त-विषयक, धार्मिक, भाषा वैज्ञानिक, नृतत्व वैज्ञानिक, देशज, प्राकृत अथवा ग्रामीण, नक्षत्र मण्डलिक, कृषि सम्बन्धी तथा अन्य विविध प्रकार के सांस्कृतिक महत्व के नाम तत्कालीन अभिलेखों में देखने को मिलते हैं जिन पर एतद् सम्बन्धी प्रस्तुत शोध पत्र में विस्तृत विचार किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि गुर्जरदेशीय ब्राह्मणों में नामकरण की यह प्रवृत्ति या तो पारंपरिक है या परम्परा टूट जाने के कारण विकृत नामावली का विकास होता गया।

अध्ययन–अध्यापन, यज्ञ करना और यज्ञ कराना तथा दान देना, दान लेना, ये ब्राह्मणों के परम्परा-प्रसूत षट्कर्म माने जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व-मध्ययुगीन गुजरात में परम्परानुसार यदि एक तरफ संस्कृतजन्य संस्कृति से सम्बद्ध ब्राह्मण-नाम शुद्ध संस्कृत में होते थे तो दूसरी तरफ विघटन की स्थिति में अशिक्षित वातावरण के निकट होने के कारण प्राकृत या गंवार नाम भी प्रचलित थे।

प्रवक्ता, साकेत पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज,
फैजाबाद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजस्थानी चारण साहित्य की ऐतिहासिक काव्य-कृतियां

● डॉ० जगमोहनसिंह परिहार

राजस्थान का विगत इतिहास मानव-जीवन की अनुपम गाथा है। यहां के इतिहास में वीरता की जो अद्भुत छवि दिखाई देती है, राजस्थानी साहित्य वस्तुतः उसी का प्रतिबिम्ब है। शूरवीरों के रक्त से सिंचित इस गौरवशाली वसुन्धरा पर त्याग, बलिदान, स्वाभिमान और शौर्य की जो अद्भुत-अमिट कहानियां अंकित है, उन्हें विस्मृत नहीं किया जा सकता।

चारण साहित्य का मूल्यांकन करते समय हमारे सामने अनिर्वचनीय विशेषताओं के बिम्ब-प्रतिबिम्ब सजीव, साकार तथा जीवन्त हो कर प्रकट होने लगते हैं। जिस भाषा ने कायर से कायर व्यक्ति को अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम की प्रतिमूर्ति बना दिया, वह भाषा कितनी अनुपम और विलक्षण होगी, इस सत्य का अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

जीवन और जगत की वास्तविकताओं को मूर्त रूप प्रदान करने में डिंगल भाषा बेजोड़ मानी गई है। चारण कवियों ने सुनी-सुनाई कथा-कहानियों को काव्य के आकर्षक और बहुरंगी परिधानों में परिवेष्टित नहीं किया। उन्होंने जीवन और मृत्यु के खेल को अपनी आंखों के सम्मुख होते हुए देखा था। यही कारण है कि उनके काव्य में जीवन की वास्तविकताओं का सत्य-सजीव विवरण, अत्यन्त प्रभावशाली ढग से प्रस्तुत हुआ है।

साहित्य की अन्य विधाओं के साथ-साथ ऐतिहासिक काव्य कृतियों के सृजन की दृष्टि से भी, विक्रम संवत् १६५० से १८०० तक का काल, राजस्थानी साहित्य का स्वर्णकाल कहा जा सकता है। इस काल के कवियों ने उच्चकोटि की काव्यकृतियों का निर्माण कर राजस्थानी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषा और साहित्य की गौरव-गरिमा में ही चार चांद नहीं लगाये अपितु सत्य घटनाओं को काव्यमय रूप से प्रस्तुत कर उन्होंने इतिहास को भी एक नई दिशा प्रदान की। प्रस्तुत निबन्ध में चारण कवियों द्वारा प्रणीत राजस्थानी साहित्य की प्रमुख ऐतिहासिक काव्य कृतियों का विवेचनात्मक विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है-

१ गजगुण रूपक बन्ध

'गजगुण रूपक बन्ध' के रचयिता कवि केशवदास गाडण मारवाड़ में स्थित गाडणों की वासनी के निवासी[1] और जोधपुर के महाराजा शूरसिंह के कृपापात्र कवि सदमल के पुत्र थे। महाराजा शूरसिंह ने, सदमल की काव्य प्रतिभा एवं कुशाग्रता से प्रभावित होकर उन्हें राज-दरबार में महत्त्वपूर्ण स्थान देने के साथ-साथ संवत् १६५३ में लवेरा के समीप छीड़िया नामक गांव देकर सम्मानित किया था।[2] अपने पिता के समान केशवदास भी प्रतिभा-सम्पन्न और परम्परागत कवि-संस्कारों से युक्त थे। कवि के जन्म और मृत्यु पर प्रकाश डालने वाली युक्तिसंगत जानकारी तो नहीं मिलती परन्तु समसामयिक तथा कवि द्वारा निर्मित रचनाओं के आधार पर उनका रचनाकाल वि० सं० १६५० से १६९० के मध्य ठहरता है। अपने काव्य-चातुर्य से केशवदास ने जोधपुर नरेश गजसिंह के हृदय को जीतकर उनके राज्य में विशेष पद प्राप्त किया। महाराजा गजसिंह ने लाखपसाव देकर कवि को सम्मानित किया था।[3]

गजगुण रूपक बन्ध[4] डिंगल भाषा का वीर रस प्रधान ऐतिहासिक काव्य ग्रन्थ है, जिसमें दूहा, कवित्त, गाहा, अडल, मथाणा इत्यादि लगभग एक हजार छन्दों में जोधपुर के महाराजा गजसिंह की दक्षिण विजय और उस युद्ध में प्रदर्शित शूरवीरता का विस्तृत वर्णन किया गया है। केशवदास ने अपने चरित्र नायक की जन्मजात वीरता, अद्वितीय सौन्दर्य और उतरोत्तर बढ़ती हुई अवस्था का अत्यन्त सजीव,सुन्दर तथा अलंकारिक वर्णन किया है।

---

१ राजस्थानी सबद कोस, भूमिका–सीताराम लालस, पृ० १४२-१४३

२ (अ) मुहता नेणसी ने अपनी संगृहीत गांवों की तवारीखों में छीड़िया गांव के विषय में लिखा है—

छीड़ियो राजा श्री सूरसिंघ जी रो दत्त गाडण।
संडू:दूदावत नूं हूमें माधोदास देटो सदूरो चारण॥

(ब) डॉ० मोतीलाल मेनारिया ने 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' में पृ० १५८ पर इन्हें सोजत परगने के चिड़िया ग्राम का निवासी बतलाया है।

३ गाडण 'केसव' गुणे ब्रवे पंचम लख वाइक–सूरजप्रकास, पृ० ९

४ हस्तलिखित प्रतिलिपि–सेठ सूरजमल जालान पुस्तकालय, कलकत्ता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राव अमरसिंघजी रा दूहा–

महाकवि नरहरिदास बारहठ रचित 'राव अमरसिंघजी रा दूहा" अद्यावधि अप्रकाशित एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक काव्य रचना है। इसमें कुल ५०७ सोरठों में, कन्नोज के राजा जयचन्द से लेकर जोधपुर नरेश गजसिंह तक के संक्षिप्त किन्तु प्रामाणिक इतिहास का प्रभावोत्पादक शैली में वर्णन किया गया है। कवि नरहरिदास का जन्म वि.सं. १६४८ में एवं मृत्यु वि.सं. १७३३ में हुई थी। ये रोहड़िया शाखा के चारण लक्खाजी के पुत्र थे और महाराजा गजसिंह के आश्रित थे।

ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित "अमरसिंघजी रा दूहा' नामक काव्यकृति में महाराजा गजसिंह के ज्येष्ठ पुत्र अमरसिंह राठौड़ के अद्वितीय शौर्य–पराक्रम का कमनीय तथा आकर्षक काव्य-शैली में चित्रण किया गया है। अमरसिंह राठौड़ की वीरोचित मृत्यु वि.सं. १७०१ में आगरा में हुई थी।[1] प्रस्तुत कृति का निर्माण कवि नरहरिदास ने अमरसिंह राठौड़ के जीवन-काल में ही किया था। अपनी काव्य-कृति के अन्तिम दोहे में, उस शूरवीर के प्रति अपने हृदय में स्थित आशीर्वचनों की पुष्प-वर्षा करते हुए लिखा है–

रवि जेते राकेस, धर अंबर जां लग धरम।
नखै खँड नरेस, कुल दीपक तां लग अकल ॥[2]

इस ग्रन्थ की एकमात्र हस्तलिखित प्रति बीकानेर के अनूप संस्कृत पुस्तकालय में उपलब्ध है। इस प्रति के आधार पर इस कृति का सृजनकाल वि सं. १६९५ से १७०१ के मध्य ठहरता है। ऐतिहासिक एवं साहित्यिक दृष्टि से उल्लेखनीय कृति "राव अमरसिंघ जी रा दूहा" निःसन्देह महत्वपूर्ण और प्रकाशन के लिये सर्वथा उपयुक्त है।

वचनिका राठौड़ रतनसिंघ महेसदासोत री

संवत् १७१५ में जग्गा खिड़िया ने 'वचनिका राठौड़ रतनसिंघ महेसदासौत री' नामक ग्रन्थ का निर्माण किया। गद्य-पद्य में निर्मित इस काव्यकृति का प्रकाशन हो चुका है।[3] जग्गा, खिड़िया शाखा के चारण और रतना जी के पुत्र थे।[4] 'वचनिका

---

१ (अ) मारवाड़ का मूल इतिहास–पं० रामकरण आसोपा, पृ. १७३
(आ) मारवाड़ का इतिहास (द्वितीय भाग)–रेउ, पृ. ६५४
२ राव अमरसिंघ रा दूहा—हस्तलिखित प्रति, अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर दोहा सं० पृ. ५०७
३ वचनिका राठोड़ रतनसिंघ महेसदासोत री - सम्पादक डॉ० तेसीतोरी, बंगाल की एशियाटिक सोसाइटी द्वारा प्रकाशित।
४ चारण साहित्य का इतिहास—डॉ० मोहनलाल जिज्ञासु, पृ. २२५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राठौड़ राव रतनसिंह महेसदासौत री' में वीर और शृंगार रस का अद्भुत समन्वय परिलक्षित होता है। इसमें जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह का-औरंगजेब और मुराद की संयुक्त सेना से हुए उज्जैन-युद्ध का वर्णन है। यह युद्ध धरमत के युद्ध के नाम से प्रसिद्ध है। इस युद्ध में अद्वितीय पराक्रम से लड़ते हुए, रतलाम के राठौड़ राजा रतनसिंह वीर-गति को प्राप्त हुए थे। रतनसिंह के अद्भुत पराक्रम और शौर्य से प्रभावित होकर कवि ने ग्रन्थ का नाम 'वचनिका राठौड़ रतनसिंघ महेसदासोत री' रखा। युद्ध की तिथि का उल्लेख करते हुए कवि ने लिखा है—

पख वैशाखह तिथि नवमि पनरोत्तेर वरस्सि।
वारि सुकर लड़िया विहद हिन्दू तुरक वहस्सि ॥

अर्थात् वि० सं० १७१५ में वैशाख के कृष्ण पक्ष की नवम तिथि, शुक्रवार के दिन हिन्दू और मुसलमानों के बीच धरमत का युद्ध हुआ था। फारसी इतिहासकारों ने भी युद्ध का दिन शुक्रवार २२ रजब, १०६८ हिजरी ठहराया है। कविराजा श्यामलदास ने अपने प्रसिद्ध ऐतिहासिक ग्रन्थ 'वीर विनोद' में इस युद्ध की तिथि वैशाख कृष्णा ८ विक्रम संवत् १७१५ तद्नुसार २२ रजब सन् १०६८ मानी है।[1] स्व० डॉ० यदुनाथ सरकार ने धरमत युद्ध का दिन १५ अप्रेल सन् १६५८ माना है जो विक्रम संवत् १७१५ की वैशाख कृष्णा ८ गुरुवार ठहरता है।[2] सूक्ष्म ऐतिहासिक और विश्लेषणात्मक अध्ययन के आधार पर स्पष्ट हो जाता है कि उपरोक्त युद्ध हिजरी तारीख २२ रजब गुरुवार अर्थात १५ अप्रेल १६५८ ई. की संध्या को आरम्भ होकर दूसरे दिन शुक्रवार १६ अप्रेल १६५८ ई० को दिन-भर चला। अतः कहा जा सकता है कि खिड़िया जग्गा द्वारा दी गई तिथि और वार पूर्णतया सही है।[3]

जग्गा खिड़िया ने वचनिका का निर्माण रतनसिंह के पुत्र रामसिंह के दरबार में ही किया था। कवि की काव्य प्रतिभा से प्रभावित होकर रामसिंह ने उन्हें आलोगिया, एकलगढ़, डेरी और दलावड़ो नामक गांव देकर सम्मानित किया था। कालान्तर में दलावड़ो के स्थान पर सैंभलखेड़ा गांव दिया गया, जहां उनके वंशज आज भी रहते हैं।[4] जग्गा की मृत्यु रतलाम में ही हुई और वहीं राजवंशों की श्मशान भूमि शिवबाग में ससम्मान उनका दाह-संस्कार किया गया।

---

१ वीर विनोद, कविराजा श्यामलदास, पृ. ३५४

२ हिस्ट्री ऑफ औरंगजेब, भाग १-२, डॉ० यदुनाथ सरकार, अध्याय १५, पृ.३४८-३५०

३ वचनिका राठौड़ रतनसिंघ महेसदासौत री-सम्पादक श्री काशीराम शर्मा एवं डॉ० रघुवीरसिंह, पृ० ७८-८१

४ चारण साहित्य का इतिहास-डॉ० मोहनलाल जिज्ञासु, पृ० २२६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजरूपक

अठारहवीं शताब्दी में राजस्थानी की श्रेष्ठ रचनाएं प्रदान करने वाले कवियों में वीरभांण का नाम अग्रगण्य है। ये जोधपुर राज्य के घडोई ग्राम के निवासी, रतनू शाखा के चारण और हमीर रतनू के समसामयिक थे।[1] इन्होंने डिंगल के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ 'राजरूपक' की रचना कर साहित्य की ही नहीं बल्कि इतिहास की भी अमूल्य सेवा की है।[2] ग्रन्थ में तिथि अनुसार अनेक ऐतिहासिक घटनाओं का विशद्-विस्तृत वर्णन होने से साहित्य के साथ-साथ इसका ऐतिहासिक मूल्य भी अद्वितीय हो गया है। 'राजरूपक' में कवि ने अपने आश्रयदाता जोधपुर के महाराजा अभयसिंह द्वारा अहमदाबाद युद्ध में प्रदर्शित अपूर्व पराक्रम का वर्णन किया है। इस ग्रन्थ में ४६ प्रकाश हैं।[3]

'राजरूपक' एक वृहद-काव्य कृति है जिसमें महाराजा जसवंतसिंह की मृत्यु से लेकर उनके पौत्र अभयसिंह की अहमदाबाद विजय अर्थात् वि० सं० १७३५ से १७८७ तक की ऐतिहासिक घटनाओं की तिथि-क्रमानुसार विस्तृत एवं प्रामाणिक विवरण किया गया है। ग्रन्थ की ऐतिहासिकता का प्रमुख कारण है–वीरभांण का युद्ध क्षेत्र में उपस्थित होना। कवि द्वारा प्रस्तुत युद्ध-वर्णन अत्यन्त सजीव, चित्रात्मक और डिंगल साहित्य की विशेषताओं से परिपूर्ण है।

सूरजप्रकाश

'सूरजप्रकास' ग्रन्थ के रचयिता करणीदान कविया उच्च कोटि के कवि, जोधपुर के महाराजा अभयसिंह के आश्रित तथा वीरभांण रतनू और बखता खिड़िया के समकालीन प्रमुख कवियों में से थे। इनका जन्म १६८५ई० के आसपास हुआ था। ये संस्कृत, प्राकृत, डिंगल, पिंगल, इतिहास तथा ज्योतिष आदि के प्रकाण्ड पंडित थे। कविया करणीदान ने वि०सं० १७८७ में 'सूरजप्रकास' नामक काव्यकृति का सृजन किया, जिसमें महाराजा अभयसिंह और गुजरात के सूबेदार सरबुलन्द खां के मध्य लड़े गये घमासान युद्ध का वर्णन निहित है। युद्ध के समय, युद्ध-क्षेत्र में कवि की उपस्थिति से वर्णित दृश्यों की सजीवता और ऐतिहासिकता में आशातीत अभिवृद्धि हुई है। कविया करणीदान ने 'सूरजप्रकास' नामक विस्तृत ग्रन्थ का सारांश 'विरद-सिणगार' नामक लघु काव्य-कृति में प्रस्तुत किया है।[4]

---

१ राजस्थानी भाषा और साहित्य–डॉ० मोतीलाल मेनारिया, पृ. १७८

२ राजस्थानी सबद कोस—प्रथम खण्ड, श्री सीताराम लालस, पृ. १५८

३ 'राजरूपक' ग्रन्थ का नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशन हो चुका है। ग्रन्थ में ४६ खण्ड हैं जिन्हें प्रकाश के नाम से सम्बोधित किया गया है।

४ विरदसिणगार–कविया करणीदान, छन्द १३६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रन्थ के आरम्भ में महाराजा अभयसिंह के पूर्वजों का संक्षिप्त विवरण है। साथ ही साथ रामायण की कथा भी लिखी गई है। रामायण कथा के पश्चात् मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पुत्र कुश से लेकर राजा पुंज की वंशावली तथा जयचन्द से अजीतसिंह तक के सभी राजाओं का संक्षिप्त एवं शौर्यमय विवरण प्रस्तुत किया गया है।

अहमदाबाद–विजय की तिथि 'सूरजप्रकाश' तथा 'विरदसिंणगार' में वि.सं.१७८७ आश्विन शुक्ला १० शनिवार दी गई है, जो प्रामाणिक एवं इतिहास-सम्मत है। पंडित विश्वेश्वर-नाथ रेउ[1] ने महाराजा अभयसिंह की इस ऐतिहासिक–विजय की तिथि वि.सं. १७८७ कार्तिक वदि ५ स्वीकार की है परन्तु इस युद्ध के समय करणीदान एवं 'राजरूपक' ग्रन्थ के रचयिता वीरभांण रतनू उपस्थित थे। अतः इन कवियों द्वारा वर्णित युद्ध, आंखों देखी घटनाओं पर आधारित होने के कारण प्रामाणिक माने जा सकते हैं। 'सूरजप्रकास' में स्पष्ट लिखा है कि वि.सं. १७८७ विजयादशमी शनिवार के दिन महाराजा अभयसिंह की विजय हुई तथा इस विजय के लगभग एक वर्ष पश्चात् कार्तिक वदि दस रविवार के दिन करणीदान ने 'सूरजप्रकास' ग्रन्थ को लिखकर उसे सम्पूर्ण किया था।[2]

राव रायसिंह की सतियों के कवित्त

कुम्भकरण सादू अपने समय के लोकप्रिय कवि तथा मारवाड़ में स्थित नागौर परगने के भदोरा नामक ग्राम के कवि ईश्वरदास सांदू के पुत्र थे। भदोरा ग्राम सांदू शाखा के प्रसिद्ध कवि माला का ग्राम था। कवि माला अकबर के समय विद्यमान थे।[3] कुम्भ-करण सांदू द्वारा निर्मित रचनाओं के अवलोकन से ज्ञात होता है कि वे मालवा तथा राज-स्थान के राठौड़ नरेशों के कवि थे। कुम्भकरण का सम्बन्ध रतलाम राजवंश के साथ-साथ बीकानेर के राजघराने से भी पर्याप्त रहा।[4] विद्वता, प्रकाण्ड ज्ञान तथा सुन्दर काव्य सर्जन के लिये कवि कुम्भकरण का अनेक बार सम्मान किया गया। कविराजा सूर्यमल मिश्रण ने चारण जाति में उत्पन्न छह प्रमुख कवियों में इनका भी नामोल्लेख किया है।[5]

---

१ मारवाड़ का इतिहास (प्रथम भाग) पं. विश्वेश्वरप्रसाद रेउ, पृ. ३३८-३३९

२ सूरजप्रकास–करणीदान कविया, भाग ३, पृ. २७३

३ अकबर पाघ अधार, पेच संवारै पातसा।
हे चारणे चकार, मिणधर सांदू मालदे।।

४ श्री सौभाग्यसिंह शेखावत के 'कुम्भकर्ण सांदू और राव रायसिंह की सतियों के कवित्त' विषयक निबन्ध से।

५ चारन नरहरिदास, कुम्भकरन पूरन सुकवि।
ईसरदास रु आस, बदरिदास हुकमेस पुनि।।
— वंश भास्कर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'राव रायसिंह जी री सतियां रा कवित्त' में कवि कुम्भकरण ने नागोर के राव रायसिंह के संवत् १७३३ में देहावसान के समय उनके साथ सती होने वाली रानियों का वर्णन किया है। कवि ने ३३ छप्पय-छन्दों में रायसिंह की पांच रानियों तथा अन्य नारियों का उल्लेख किया है जो रायसिंह की मृत देह के साथ जीवित भस्मीभूत हो गई। मृत्यु तिथि, संवत् एवं नामों के उल्लेख से छन्दों की ऐतिहासिकता बढ़ गई है।

राव अमरसिंह का साका

कवि महेशदास राव अजमेर प्रान्त के राजगढ ठिकाने के स्वामी राजा विट्ठलदास और अर्जुन गौड़ के कृपापात्र थे। ये अपने समय के सम्मानित और जनप्रिय कवि थे। उन्होंने अपने आश्रयदाता के विरोधियों की शूरवीरता का भी सहर्ष वर्णन किया। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि कवि महेशदास वीरता एवं शौर्य के उपासक थे।

राव अमरसिंह का साका ३५ छन्दों की लघु काव्य-कृति है जिसमें कवि ने नागौर के सुभट शूरवीर योद्धा राव अमरसिंह राठौड़ के अद्भुत शौर्य-पराक्रम का ऐतिहासिक वर्णन किया है। इस कृति में अमरसिंह के पूर्वजों का संक्षिप्त विवरण तथा अमरसिंह राठौड़ द्वारा शाहजहां के दरबार में सलावत खां को मौत के घाट उतारने की ऐतिहासिक घटना का सुन्दर विवरण निहित है। 'राव अमरसिंह का साका' सरल, सरस एवं ऐतिहासिक काव्य कृति है। उदाहरण देखिए—

छप्पय

असो राव अमरेस पाटि राजा गजपति।
भड़ त्रंका बोळगै भुजां पूजै असपत्ती॥
नगर तखत नागौर, अखत मोटे बिरदाळो।
नव कोटां नरइंद, साख तेरहां सिघाळों॥
अवतार रूप मानव इसे, करण भत्त सोही करें।
पाताळ वनै अनै आकास पुड़, भारथ जिम ऊङठ भरै॥[1]

राजसिंघ गुण प्रकास

'राजसिंघ गुण प्रकास' ५८ छन्दों में निर्मित खण्डकाव्य कृति हैं जिसमें कवि महे[illegible]दास ने मेवाड़ के महाराणा राजसिंह की मालपुरा-विजय का ऐतिहासिक वर्णन किया है [illegible] राजविलास, राजप्रकास एवं जती जयचन्द्र आदि समसामयिक ऐतिहासिक काव्य ग्रन्थों महाराणा राजसिंह की मालपुरा चढ़ाई का विस्तृत वृतान्त मिलता है। इसी प्रकार

१ राव अमरसिंह का साका, छन्द संख्या ९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वीर विनोद तथा डॉ० ओझा के मेवाड़ के इतिहास से भी इस युद्ध की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। 'राजसिंघ गुण प्रकास' युद्ध की ऐतिहासिकता की दृष्टि से सुन्दर रचना है। इस युद्ध में भाग लेने वाले प्रमुख योद्धाओं के नामोल्लेख से काव्य का महत्व और अधिक बढ़ गया है। मेवाड़ के प्रकाशित इतिहासों में मालपुरा की चढाई वैशाख सुदि १० विक्रमांक १७१५ संवत् मानी गई है। मालपुरा युद्ध में स्वर्ण आदि लूटने तथा दुर्ग की प्राचीरों को ध्वस्त करने की घटना का उल्लेख करते हुए कवि ने लिखा है–

रांणे भंजे मालपुर घुवणाण घिखाया ।।
पट्टण हट्ट पहट्ट तोड़ि गढ खोदि गुमाया ।।
घोंपटि करि सारी धरा द्रहवट्ट लुटाया ।।
सोना हुंदा सांपरति इल मौर उडाया ।।[1]

महाराणा राजसिंह की सेना के दक्ष सेनापति रावत रघुनाथसिंह चूंडावत के रण-चातुर्य का चित्रण करते हुए कवि महेसदास ने लिखा हैं—

रिण रावत रघुनाथ राण कोकियौ रढाळो ।
धर दिल्ली धोंपटां चित धरि एमि सचाळो ।।
यम रघुपति ऊचरै करे प्रारम्भ करारे ।
मालपुरे अजमेरि मुरड़ि संभर धर मारे ।।
नर मरे नाम रहसी अमर, यम चौंडाहर ऊचरै ।
पुनि जनम सुक्रत रजपूत रे, कथ समत्थ भारथ करै ।।[2]

सगतसिंघ रासौ

'सगतसिंघ रासौ' ५०० छन्दों का ग्रंथ है जिसमें मेवाड़ निवासी तथा आसिया शाखा के चारण गिरधर कवि ने दोहा, भुजंगी, कवित्त आदि छन्दों में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्तिसिंह के जीवन-चरित्र का काव्यमय विवरण प्रस्तुत किया है।[3] काव्य की भाषा साहित्यिक डिंगल है। 'सगतसिंघ रासौ' की भाषा-शैली का उदाहरण देखिए-

---

१ श्री सौभाग्यसिंह शेखावत के निजी संग्रह से

२ मरुभारती पत्रिका में प्रकाशित श्री सौभाग्यसिंह शेखावत के 'महाराणा राजसिंह : मालपुरा की चढ़ाई का एक वृत्त' विषयक लेख से।

३ राजस्थानी साहित्य-विक्रम संवत् १६५०-१८०० अप्रकाशित शोध-प्रबन्ध-डॉ० जगमोहनसिंह परिहार, पृष्ठ ७९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऊदळ' रांणै एक दिन, सभ पूछियौ स कोई,
अणी सिरै कर आहणै, हूं सारै हूं सोइ ॥
मैंगळ मैंगळ सारिखौ, सीह सारिखौ सीह ।
सगतौ 'उदियासिंघ' तण, अंग पित जिसौ अबीह ॥
चख रत्तै मुख रत्तड़ौ, वैस जिहिं कुळ वग्ग ।
सगतै जमदड़ढां सिरे, आफाळियौ करग्ग ॥[1]

रतनरासौ

कवि कुंभकरण का जन्म नाम दलपत था। इनका जन्म नागौर के समीप भदोरा गांव में हुआ था। इनके जन्मकाल के सम्बन्ध में निश्चित् संवत् इत्यादि ज्ञात नहीं है, फिर भी 'रतनरासौ' के अध्ययन से ज्ञात होता है कि ये रतलाम नरेश रतनसिंह के पुत्र रामसिंह तथा रामसिंह के पुत्र शिवसिंह के समय विद्यमान थे।[2] 'रतनरासौ' एक ऐतिहासिक काव्यकृति है जिसमें रतलाम के शूरवीर-नरेश रतनसिंह तथा औरंगजेब के मध्य हुए भयंकर युद्ध का वर्णन किया गया है।

'रतनरासौ' के अनुसार कवि का रचनाकाल संवत् १७३२ के लगभग ठहरता है।[3] शिवसिंह ने संवत् १७४० से संवत् १७५२ तक राज्य किया था। अनुमानतः 'रतनरासौ' की रचना रामसिंह के शासन-काल के अन्तिम वर्षों में हुई होगी। कवि के मतानुसार इस ग्रंथ को सम्पूर्ण करने में बारह वर्ष का समय लगा। अतः इसका रचनाकाल संवत् १७३२ माना जा सकता है।[4]

कवि ने प्रौढ़, सरस तथा संयत भाषा में विविध छन्दादि का प्रयोग कर काव्य को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया है। 'रतनरासौ' काव्यकृति की कुछ पंक्तियां देखिए—

लाज खितेति कुंकुम चढ़ाय
सिव भक्त रतन रासौ पढ़ाय
रासौ अगाध सिव कर रतन, कुंभकरण कवि इन्द्र

---

१ राजस्थानी सबद कोस (प्रथम खण्ड)–श्री सीताराम लाळस, भूमिका, पृष्ठ १५३।
२ राजस्थानी सबद कोस (प्रथम खण्ड)–भूमिका, श्री सीताराम लाळस।
३ राजस्थान भारती, भाग ३, अंक ३–४–'रतनरासौ' के रचयिता का वंश परिचय-श्री काशीराम शर्मा।
४ राजस्थानी भाषा और साहित्य–डॉ० मोतीलाल मेनारिया, पृ० २७९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कित स्रंगार सम इच्छाक छत्र, द्रढ सिध आनन्द
चित चमत्कार सस्फुट वचन, अस्र सस्र चतुर्थ प्रति
'सिवरतनसिंघ' रासौ सरस, अस विधान सुन परि नृपति ।[1]

महाराजा अजीतसिंह री दवावैत

भक्ति रस के प्रसिद्ध कवि माधौदास दधवाड़िया के पुत्र द्वारकादास दधवाड़िया ने संवत् १७७२ में 'महाराजा अजीतसिंह री दवावैत' नामक काव्यकृति का सृजन किया। इस कृति में डिंगल के प्रतिष्ठित कवि द्वारकादास ने जोधपुर के महाराजा अजीतसिंह के शौर्य, पराक्रम एवं वैभव का आकर्षक वर्णन किया है । महाराजा अजीतसिंह ने इस रचना पर प्रसन्न होकर कवि को जयतारण परगने में स्थित बासनी नामक ग्राम प्रदान किया था ।[2] काव्य की भाषा सरल, सरस, आकर्षक तथा प्रसाद गुण सम्पन्न है। उदाहरण देखिए–

इनके खेहां के डंबर, उनके बद्दल के आडम्बर।
इनके नोबत के टंकारे, उनके गाज घनघोरे।
इनके भालों का भाव, उनके बीज के सळाव।
इनके पंचरंगे वांने, उनके इंद्रधनक तांने।
इनके हस्तियां के हलके, उनके एरावत तुलके।
इनके खेत स्वेत दंत, उनके जेही बुक पंत।

देसलजी री वचनिका

जोधपुर राज्यान्तर्गत घड़ोई ग्राम के निवासी तथा डिंगल के विद्वान् और श्रेष्ठ कवि हमीरदान रतनू कच्छभुज के महाराव श्री देशलजी प्रथम के महाराजकुमार लखपतजी के कृपापात्र थे। 'अचळदास खीची री वचनिका' तथा 'रतनसिंघ री वचनिका' के समान 'देसलजी री वचनिका' भी ऐतिहासिक महत्त्व की काव्यकृति है जिसमें कवि ने संवत् १७८५ की होलिका के समय सरबुलन्द तथा कच्छ के महाराव देशल के बीच हुए भीषण युद्ध का वर्णन किया है। इस ऐतिहासिक युद्ध में महाराव देशल की विजय हुई थी। भाषा-प्रवाह, शब्द–चयन तथा काव्यत्व की दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण रचना है। उदाहरण देखिए–

---

१ 'राजस्थानी साहित्य-विक्रम संवत् १६५०–१८००' अप्रकाशित शोध प्रबन्ध, डॉ० जगमोहनसिंह परिहार, पृष्ठ ७८।

२ राजस्थानी सबद कोस (प्रथम खण्ड) भूमि-का–श्री सीताराम लाळस, पृष्ठ १५७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भळाभळ कुंत खिवै अदभूत, धौळै दिन वेढ़ करै अविदूत ।
हुए असुरांण घणां खळ हांण, सांमी दस नांम रचै घमसांण ।।
ळथोबथ लोह झपेट लपेट, खसै दळ मूंगळ आखळ खेट ।
नागा करिवा वर खाग निनाग, कटै धड़ बेहड़ पग्ग करग्ग ।।[१]

महाराजा अभैसिंघ रा अहमदाबाद झगड़ा रा कवित्त

कवि बखता खिड़िया द्वारा निर्मित 'महाराजा अभैसिंघ रा अहमदाबाद झगड़ा रा कवित्त' १६६ षट्पदियों की वीर रस प्रधान काव्य कृति है जिसमें विक्रम संवत् १७८७ में महाराजा अभयसिंह और सरबुलन्द खो की सैनाओं के मध्य अहमदाबाद में लड़े गये युद्ध का वर्णन है ।[२] इस काव्यग्रंथ से प्रभावित होकर महाराजा अभयसिंह ने विद्वान् कवि को मेड़ता परगने का 'रांणा' नामक गांव प्रदान किया था । यह ग्राम बखता के वंशजों के पास आज भी विद्यमान है ।[3]

डॉ० मोहनलाल जिज्ञासु के मतानुसार कवि की प्रतिष्ठा स्फुट गीतों के कारण थी ।[४] परन्तु यह कथन भ्रामक, निर्मूल तथा अल्प ज्ञान का परिचायक है । बखता खिड़िया की प्रतिष्ठा स्फुट गीतों के कारण नहीं बल्कि 'महाराजा अभैसिंघ रा अहमदाबाद झगड़े रा कवित्त' नामक प्रसिद्ध काव्यकृति के कारण है ।

अहमदाबाद के रण-क्षेत्र में, महाराजा अभयसिंह तथा सरबुलन्दखां की सेनाएं अपने-अपने हृदय में विजयश्री के वरण की अपूर्व कामना संजोए एकत्रित हुई । कवि ने दोनों पक्षों की सेनाओं की साज-सज्जा, अदम्य उत्साह तथा वीरोचित शौर्य का चित्रण करते हुए लिखा है:-

आदि सकति रीझिया श्रोण पीधा तरखाळां ।
रुद्र ज्याइ रीझिया ऊपर पैरी रुण्डमाळा ।।

---

१ श्री सौभाग्यसिंहजी शेखावत के निजी संग्रह से ।

२ 'राजस्थानी साहित्य-विक्रम संवत् १६५०-१८००' अप्रकाशित शोध-प्रबन्ध-डॉ० जगमोहनसिंह परिहार, पृष्ठ १०१ ।

३ 'चारण साहित्य का इतिहास' की मर्म-परीक्षा-श्री सौभाग्यसिंह शेखावत, पृष्ठ १५-१६ ।

४ चारण साहित्य का इतिहास-डॉ० मोहनलाल जिज्ञासु, पृष्ठ २३३ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रिख नारद रीझिया जिकां हासारस थाया।
दूर अछर रीझिया महासूरा वर पाया॥
सांमळा ग्रीध रिझे सकौ आमख चराचर ऊपरां।
जीविजै अभा दूजा जसा महावाद अजमाल रा॥[1]

कुंडलिया महाराज पदमसिंघ जी रा

४७ कुंडलिया छन्दों में प्रणीत इस काव्य-रचना में चारण कवि गौवर्द्धन लिखमीदासौत ने बीकानेर के महाराजा कर्णसिंह के तृतीय पुत्र पद्मसिंह के अद्भुत शौर्य–पराक्रम का सुन्दर वर्णन किया है। बादशाह औरंगजेब के समय कोंकण के युद्ध में पद्मसिंह द्वारा प्रदर्शित अनुपम शूरवीरता का चित्रण कवि का प्रमुख उद्देश्य रहा है। अनेक स्थलों पर कहावतों तथा सूक्तियों का प्रभावोत्पादक वर्णन कर कवि ने अपनी काव्य-प्रतिभा का प्रमाण प्रस्तुत किया है। उदाहरण देखिए–

चारण भाई खत्रियां, राव कहै कविराव।
वंटायत भारत्थ-अथ, सो किम चूकै दाव॥[2]

राठौड़ करमसैन हिम्मतसिंघोत री झमाल

'राठौड़ करमसैन हिम्मतसिंघोत री झमाल' गाडण कवि गोवर्धन द्वारा विरचित ३२ झमाल छन्दों की वीर रस प्रधान काव्य-कृति है।[3] इसमें कवि ने बीकानेर के राठौड़ कर्मसेन बीदावत द्वारा उमरखान पर की गई विजय का विवरण है। इस कृति की गणना डिंगल भाषा की श्रेष्ठ रचनाओं में की जाती है।

गुण शिवचरित प्रकास

कवि बारहठ नाथा ने ८६ छन्दों की काव्यकृति 'गुण शिवचरित प्रकाश' में राव तिरमल के चतुर्थ वंशधर राव दौलतसिंह के ज्येष्ठ पुत्र राव शिवसिंह के अद्वितीय पराक्रम का अपूर्व वर्णन किया है। राव शिवसिंह ने जयपुर के निर्माता सवाई जयसिंह (आमेर) तथा महाराजा सवाई ईश्वरीसिंह की ओर से लड़े गये अनेक युद्धों में भाग लेकर अपने

---

१ 'महाराजा अभैसिंघ रा अहमदाबाद झगड़े रा कवित्त' हस्तलिखित प्रति, पुस्तक प्रकाश जोधपुर, छप्पय संख्या ११५।

२ पुस्तक प्रकाश, उम्मेद भवन जोधपुर में इतिहास, बंध नं० २।

'राजस्थानी साहित्य–विक्रम संवत् १६५०-१८००' अप्रकाशित शोध प्रबन्ध डॉ० जगमोहनसिंह परिहार, पृष्ठ १११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वीरोचित शौर्य का प्रशंसनीय प्रदर्शन किया था। महाराजा सवाई जयसिंह और नागोर के अधिपति बख्तसिंह के मध्य हुए सम्वत् १७९८ वि० के गगवाना के युद्ध, महाराजा ईश्वरीसिंह की ओर से संवत् १८०१ वि. में कोटा विजय, राजमहल और सम्वत् १८०५ के बगरु के युद्ध में राव शिवसिंह ने अद्भुत पराक्रम का परिचय दिया।[1] बगरु के युद्ध में ही शूरवीरता का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया था।

सम्वत् १८०१ कातिक सुदि ११ में सम्पन्न काव्य-कृति 'गुण शिवचरित प्रकास' में बारहठ नाथा ने काव्य-सर्जन की प्राचीन परिपाटी से हटकर अपने चरित्रनायक का संक्षिप्त किन्तु सशक्त वर्णन प्रस्तुत किया है। इस काव्य-कृति में कवि ने राव शिवसिंह की फतहपुर विजय और सवाई जयसिंह एवं नागोर के शासक बख्तसिंह के मध्य हुए सम्वत् १७९८ वि. के युद्ध को ही काव्य का प्रमुख विषय बनाया है। फतहपुर के युद्ध के समय जयपुर-नरेश की सहमति से राव शिवसिंह ने अपने बंधु-बांधवों तथा अन्य परिजनों को निमन्त्रण दिया। निश्चित् समय पर दोनों पक्षों की सेनाएं आमने-सामने पहुंच गई। शूरवीरों की वेशभूषा, अस्त्र-शस्त्रों तथा युद्ध के परिणामस्वरूप वीरों के क्षत-विक्षत शरीर पर टूट पड़ने वाले मांस-भक्षी पक्षियों की चेष्टाओं का चित्रण करते हुए कवि ने लिखा हैं–

कुहक्कइ-बाण कबाण कटट्ठ। चिलां भणकार अपार चटट्ठ॥
तड़त्तड़ तीर पड़े तिण बार। अण घण भादव छट अपार॥
धमाधम सेल बहै खग धार। प्रहारत मीर क़टै अणपार॥
कंवारिय बींद घड़ा कळिचाल। तिकै जमहूंत करै रिणताळ॥
असा सिवसिंघ तणा उमराव। गजा सिर मीर लगाडिय घाव॥
बगत्तर टोप कटै सणबन्ध। कटे नर-कोपर काळिज कंध॥
फतैपुर सेनि पड़ा तड़फंत। कबूतर लोटण जांणि कुदंत॥
सदासिव कारिज मालि़ सरंत। उरां अछरा बहु बीर बरंत॥
भूखी रत जोगणि पत्र भरंत। कई पळचार आहार करंत॥
लड़े इंदरेस गयो लंगसाइ। गयो मुखि आब निवाब गमाइ॥
जीतौ जिण बार सिवो जुड़ि जंग। भंजे दल़ खांन किया बल़ भंग॥[2]

---

१ वरदा में 'बारहठ नाथा विरचित 'गुण शिवचरित प्रकास' विषयक श्री सौभाग्यसिंह शेखावत के निबन्ध में से।

२ श्री सौभाग्यसिंह शेखावत के निजी संग्रह से।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अजमेर के समीप हुए गगवाणा के युद्ध का भी राजस्थान के इतिहास में महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह युद्ध जयपुर नरेश जयसिंह और नागौर के शासक बख्तसिंह की सेनाओं के मध्य हुआ था। गगवाणा के इस युद्ध में राव शिवसिंह ने जयपुर-पक्ष की ओर से भाग लेकर अपने शौर्य का सुन्दर प्रदर्शन किया था। गगवाणा के युद्ध में राव शिवसिंह द्वारा प्रदर्शित क्षत्रियोचित शूरवीरता का उल्लेख करते हुए कवि नाथा ने लिखा है–

पुणे महाराज लिखे परवांन। दल़ावत आव सिवा दइवांन॥
गयो खड़ि तामह जूरि गरीठ। दलां सिर जोध दिनंकर दीठ॥
मया महाराज करै मन सुद्ध। जोड़े कुण दान करै कुण जुद्ध॥
वणै कोइ पूरब लेख विचार। करै कुण और करै करतार॥
सदा सनमंध सगा विधि साख। लडेवाइ काजि मिलै दल़ लाख॥
लगै घर बेध लियां घर लाज। मंडे रण खेत बिन्है महाराज॥
अड़ी रज आभ खड़ी रंभ आइ। घड़ी चहु नौबति बाजि अघाइ॥
अणी मिल़ फौज बणी दहुं ओर। कल़ेहणि वार भड़ांवरि कोर॥
अजैगढ खेत बिन्है अणचल्ल। हुए दहुं फौजहि माचि हमल्ल॥
सजै बखतेस अठी जयसींग। धरा कजि आहुड़िया बिहुं धींग॥[1]

कवि ने इस काव्य-ग्रन्थ की समाप्ति 'कलश' गीत के साथ की है। गीत के प्रत्येक दोहे में विद्वान् कवि ने शिव के वाहन, शृंगार, चन्द्रमा, भस्मी, मुण्डमाला, क्रुद्ध नेत्र तथा अमृत आदि विशेषताओं का शौर्य के अमर आराधक राव शिवसिंह में आरोपण किया है। निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि बारहठ नाथा द्वारा निर्मित 'गुण शिवचरित प्रकाश' अत्यन्त प्रभावोत्पादक काव्यकृति है।

राव रतन री वेलि

कवि कल्याणदास मेहड़ु विरचित 'राव रतन री वेलि' डिंगल साहित्य की उत्कृष्टतम लघु काव्य-कृति है जिसमें स्वाभिमानी वीरों की जन्मभूमि बूंदी के परम पराक्रमी राजा रतनसिंह की अद्वितीय शूरवीरता का वर्णन किया गया है। राव रतनसिंह बादशाह अकबर और जहांगीर के समसामयिक थे।[2] वंशभास्कर में रतनसिंह का शासन काल १६६४ से १६८८ तक बतलाया गया है। 'राव रतन री वेलि' एक खण्डकाव्य

---

१ श्री सौभाग्यसिंह शेखावत के निजी संग्रह से।

२ श्री सौभाग्यसिंह शेखावत के 'कल्याणदास महड़ु री कही राव रतन री वेलि विषयक निबन्ध में से।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृति है जिसमें तीन षट्पदियां तथा १२१ छन्द हैं। साहित्य संस्थान के पुस्तकालय के अप्रकाशित ग्रन्थ विभाग में संवत् १७१९ के बड़े मेन्युस्क्रिप्ट में सुरक्षित है।

वेलि के आरम्भ में कवि ने शक्ति और गणपति की वन्दना की है। फिर भगवान राम के विविध स्वरूपों का कीर्तिगान किया है। तदन्तर कवि अपने चरित्र-नायक के पूर्वजों की शौर्यमय वंश-परम्परा का उल्लेख करते हुए अपने मूल विषय की ओर अग्रसर हुआ है। कवि कल्याणदास ने राव रतनसिंह को मान में दुर्योधन, दान में कर्ण, राजाओं में देवराज, देवों में कुबेर तथा भीष्म एवं अर्जुन के समान पराक्रमी बतलाया है।

'राव रतन री वेलि' वस्तुतः डिंगल साहित्य की लघु किन्तु सुन्दर काव्यकृति है जिसमें कवि ने नवीन प्रतीकों तथा उद्भावनाओं से वर्णित दृश्य की सजीवता एवं बोध-गम्यता को बढा दिया है।

इन्द्रसिंघ रूपक

'इन्द्रसिंघ रूपक' इतिहास, भाषा और काव्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण रचना है जिसमें कवि सगता सांदू ने खैरवा के वीर योद्धा इन्द्रसिंह के शौर्य का वर्णन किया है। प्रस्तुत खण्ड-काव्य कृति में गाथा १३, दोहे १३३, कवित्त ७३, निशानी २५, रसावला ७ तथा बेअक्षरी, झंपताल, नाराच, मोतीदाम, अमृतगति इत्यादि ३३४ छन्द तथा २ वार्ता अर्थात् ५६७ छन्दों में कवि ने अपने चरित्र-नायक तथा उससे सम्बन्धित अन्य शूरवीरों के अद्भुत कार्यकलापों का प्रभावोत्पादक वर्णन किया है।

काव्य के आरम्भ में कवि ने गणपति और सरस्वती की वन्दना कर मारवाड़ के राठोड़ शासकों का परिगणनात्मक पद्धति से वर्णन किया है। बादशाह शाहजहां के पुत्रों में उत्तराधिकार के प्रश्न पर लड़े जाने वाले उज्जैन युद्ध, जसवन्तसिंह का जमरूद में निधन, महाराजा अजीतसिंह का जन्म, अजीतसिंह का शासनारूढ़ होना, उनकी मृत्यु, अभयसिंह का राज्यारोहण, सरबुलन्द खां के साथ उनका युद्ध तथा बीकानेर पर सैन्य अभियान का विस्तृत वर्णन किया है।

विक्रम संवत् १६५० से १८०० के अन्तराल में निर्मित उपरोक्त रचनाओं के संक्षिप्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि राजस्थान के साहित्यकारों ने साहित्य निर्माण के साथ-साथ इतिहास-निर्माण की दिशा में भी उल्लेखनीय भूमिका अभिनीत की है। यहां के कवियों ने अपने अभिनन्दनीय काव्य के द्वारा एक ओर तो राजस्थान की सभ्यता-संस्कृति तथा अन्य गौरवशाली प्रतिमान-परम्पराओं का सुन्दर रूप से निरूपण किया है और दूसरी ओर आँखों देखी सत्य घटनाओं का वर्णन कर भारतीय इतिहास को एक नई दिशा, एक नई दृष्टि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रदान की है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि आलोच्यकाल में निर्मित उच्चकोटि के ऐतिहासिक काव्य के प्रणेता उच्चकोटि के साहित्यकार होने के साथ-साथ उच्चकोटि के इतिहासकार भी थे।

— डॉ० जगमोहनसिंह परिहार
५७६, सरदारपुरा, रोड नं० १०-सी
जोधपुर (राजस्थान)

साहित्य संस्थान का
राजस्थानी साहित्य
एवं
लोक साहित्य

- प्राचीन राजस्थानी गीत (१२ भाग) ३२.५०
- राजस्थानी दोहावली २.५०
- मांझल रात ४.००
- बगड़ावत लोक गाथा ७.५०
- राजस्थानी लोक गीत (६ भाग) १५.००
- राजस्थानी वार्ता (सात भाग; पांचवां भाग अप्राप्य) २१.५०
- राजस्थानी भीलों के लोकगीत (तीन भाग) ७.५०
- राजस्थानी भीलों की कहावतें २.५०
- मेवाड़ी कहावतें (अप्राप्य)
- राजस्थानी भाषा (")
- आदिनिवासी भील २.५०

प्राप्ति स्थान
व्यवस्थापक,
प्रकाशन विभाग
साहित्य संस्थान,
राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शोध सामग्री : सर्वेक्षण

बूंदी-टोंक के भित्तिचित्र

● ब्रजमोहनसिंह परमार

वर्ष १९७३-७४ में लेखक ने बूंदी-टोंक जिलों का सर्वेक्षण किया, जिसके फलस्वरूप बूंदी, दुगारी. कावर, टोंक, टोडारायसिंह, उनियारा और नगर स्थित मन्दिरों, हवेलियों और गढ़ों के भित्तिचित्रों की खोज की गई, यहां उनके विषय में शोधकर्त्ताओं के अध्ययन हेतु जानकारी दी जा रही है :-

१ छत्रमहल के भित्तिचित्र

बूंदी राजमहलों में छत्रमहल, आमेर के दीवानेखास की भांति संगमरमर के दस पहलू स्तम्भों पर आधारित है, जिसके निर्माण का श्रेय राव शत्रुसाल या छत्रसाल (१६३१-१६५९ ई०) को दिया जाता है। इस महल की दीवारों और ताकों में सैंकड़ों पद्धति के चित्र बने हैं. जिनमें शरशैया पर लेटे भीष्मपितामह के चतुर्दिक कृष्ण आदि राजपुरुष, राजदरबार, विष्णु के सम्मुख बूंदी के राव, शिव की अभ्यर्थना करते ऋषिगण आदि चित्र विशेषरूपेण उल्लेखनीय है। चित्र बूंदी शैली के हैं और इनका समय निर्धारित करना शेष है, वैसे शत्रुसाल के[1] समय और पूर्व के लघुचित्र (आर्चर सन् १९५९) प्रकाश में आ चुके हैं।

२ चित्रशाला, बूंदी राजप्रसाद

बूंदी राजमहलों का निर्माण १६-१९वीं शती के मध्य वहां के हाड़ा शासकों द्वारा समय-समय पर कराया गया, जिनमें राव सुरजन (सन् १५५४ ई. -१५८५ई०) व रतनसिंह (१६०७-१६३१ ई.) और उम्मेदसिंह (सन् १७४९-१७७३ ई.) के राज्यकाल महत्वपूर्ण हैं। स्थापत्य और कला की दृष्टि से इन राज-

---

१ पेंटिंग ऑफ इंडिया (स्कीरा सन् १९६३) पृ. १४०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रसादों में १८वीं सदी का चित्रशाला भाग अत्यधिक उत्कृष्ट है, जिसके तिवारे सुन्दर भित्ति-चित्रों से युक्त हैं और साल व चौबारों के किंवाड़ों में हाथीदांत की पच्चीकारी देखने योग्य है। समय के परिवर्तन का प्रभाव इस पूरे राजप्रासाद पर भी पड़ा है, जिससे छतों से पानी की रिसन के कारण कई स्थानों पर दीवारों का आरायशी पलस्तर फूल कर उपड़ गया है, जिससे उन स्थानों के चित्र सदा के लिए समाप्त हो गए हैं, यदि समय रहते इस राजप्रासाद को संरक्षण न प्रदान किया गया तो धीरे-धीरे शेष भित्तिचित्र भी समाप्त हो जायेंगे। इन भित्तिचित्रों की निर्माण-विधि बहुचर्चित "आलगीला" पद्धति हैं।

चित्रशाला बूंदी के भित्तिचित्रों के वर्ण्य-विषय-धार्मिक (शिव-पार्वती, दुर्गा, रंगनाथ जी, महारास, गोवर्धनधारी, चीरहरण, यमुनातीरे वेणुनाद, विश्वमित्र के साथ राम लक्ष्मण का वन-गमन और राम की बारात आदि) राजदबार व सवारी, शेर व शूकर की मृगया, प्रेमाख्यानों (ढोलामारू, रूपमती, बाजबहादुर आदि) और राग-रागिनियों से सम्बन्धित हैं। चित्रों और विषयों की विविधता को ध्यान में रखते यह कहा जा सकता है कि चित्रशाला को चित्रों से सजाने के लिये कई चितेरों को काम पर लगाया होगा। क्योंकि सब कलाकार एक जैसे नहीं होते, इसलिए यहां के चित्रों के रेखाकर्म और रंग योजना में अन्तर स्पष्ट दिखता हैं, फिर भी महारास, चीरहरण, गोवर्धनधारी, 'माहेमिरातव" का जुलूस, चक्री खेलते नायिका और आखेट और प्रकृति के चित्रण में कलाकार की कुशलता का परिचय मिलता हैं। जहां तक नारी[1] के चित्रण की बात हैं, बूंदी के चितेरों ने तत्कालीन सामन्ती वातावरण में उसे जिन २ रूपों देखा, उसका वैसा ही चित्रण किया, इसलिए वेशभूषा और अंग-सौष्ठव के आधार पर यहां दो प्रकार की नारियां भित्तिचित्रों में देखने को मिलती हैं:–

दो प्रकार की नारियां

पहले प्रकार के नारी चित्र वे हैं, जिनकी नारियों की वेश-भूषा, आमोद-प्रमोद, हाव–भावों में देशीपन झलकता है-जैसे सद्यः[2] स्नात नायक की प्रतीक्षा करती कदली और माधवी लता के पास खड़ी नायिकायें, मदनालसा, चक्री खेलते नायिका, गौड़ी और टोड़ी रागिनियों आदि के रूप में चित्रित नायिकाओं के चित्र। दूसरे प्रकार की नारियों के चित्रण में विदेशी न कह कर[3] मुग़ल प्रभाव अधिक निखार पा गया हैं, जो स्वाभाविक ही

---

१ आस्पेक्टस ऑफ इण्डियन आर्ट, पृष्ठ १२४–१२५ (पी० पाल०), लोडेन सन् १९७२

२ पेंटिंग ऑफ इंडिया (स्कीरा, सन् १९६३) पृष्ठ १४९।

३ लीव्स फ्राम राजस्थान (कार्ल खेण्डेलवाल) मार्ग ४, सं० ३, पृष्ठ १५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं क्योंकि १६ वीं शती से लेकर १८ वीं शती के बूंदी नरेशों ने मुग़लों के दरबारी और दक्षिण भारत में उनके सूबेदार रहे, जहां से वे अपने साथ मुस्लिम वेश-भूषा, आमोद-प्रमोद के साधन और अन्य सुरुचिपूर्ण परम्पराओं को अपने साथ लाये, जिनकी झलक हमें अश्वारोहिणी, कबूतरों की उड़ान, मदिरा और हुक्के का आनन्द लेती, बाज़ को कलाई पर बिठाये नायिका वाले भित्तिचित्रों में देखने को मिलती है। इसके अतिरिक्त इस प्रकार के चित्रों में कुछ ऐसे चित्र भी हैं, जिनमें दोनों प्रकार का सामंजस्य मिलता है। जैसे कुछ नायिकाओं की वेशभूषा तो मुस्लिम है, परन्तु उनके हाव-भाव व आमोद-प्रमोद के साधन देशी ही है, जैसे मेना तथा सारस युग्म के साथ वाली, पारिजात पुष्प और वीणा-धारिणी के चित्र।

इन भित्तिचित्रों की रंग-योजना में पृष्ठभूमि को हरे रंग, मकानों को श्वेत रंग से चित्रित किया गया है। शबीहें भी प्रायः श्वेत रंग की हैं, परन्तु इनके वस्त्रों यथा-पगड़ी, पाजामा, झगा, ओढ़नी, घाघरा, चोली, पहरन-पिशवाज को लाल, नीले, पीले, हरे, काले, सफेद वर्णों से रंगा गया है, जिन पर सुनहरे गोटे, फूलकरी, पटोले, आदि भांति २ की डिजायनें भी बनी हैं। नदी या जलाशय के पानी की लहरों को नीले रंग के ऊपर बारीक व सफेद रेखाओं के द्वारा दर्शाया गया है।

३ बड़े महाराज का महल

यह महल बूंदी राजमहलों के नीचे स्थित हैं। आजकल इसमें राजकीय कन्या पाठशाला है। स्थापत्य की दृष्टि से यह महल १८ वीं शती के प्रतीत होते हैं। इसके ऊपरी कक्षों की दीवारों पर सवारियां, शिकार आदि के चित्र बने हैं, जो बूंदी शैली-१८ वीं शती के उत्तरार्द्ध या प्रारम्भिक १९ वीं शती के प्रतीत होते हैं इसलिए इनके रेखाकर्म और रंग-योजना में वैसा सौन्दर्य देखने को नहीं मिलता जैसा पहले के चित्रों में है।

४ आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, बूंदी के भित्तिचित्र

बूंदी नागर के नाहर का चौहट्टा स्थित इस जैन मन्दिर के सभामण्डप की दीवार पर जैन धर्म के २२वें तीर्थंकर नेमिनाथ के पंचकल्याणकों को चित्रित किया गया है। ये भित्तिचित्र १८वीं शती के हैं। इन चित्रों के अध्ययन से तत्कालीन सामाजिक स्थिति पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

५ बूंदी कोतवाली के भित्तिचित्र

यह हवेली राव भावसिंह (१६५९-१६८२ ई.) द्वारा विनिर्मित बताई जाती है। इस हवेली में राव भावसिंह की गद्दी की आज भी पूजा होती है। इसी गद्दी के ऊपर दीवार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और ताकों में लगभग ८' ४' के स्थान में भित्तिचित्र बने हैं, जिसके वर्ण्यविषय–वशिष्ठ द्वारा राम के तिलक के समय ब्रह्मा, शिव, विष्णु और ऋषिगण खड़े अंकित हैं। इसके अतिरिक्त होली आदि के दृश्य भी अंकित हैं।

६ भित्तिचित्र, दुगारी

दुगारी, बूंदी से लगभग ६० मील उत्तर-पूर्व में स्थित है और बूंदी रियासत के बड़े ठिकानों में से रहा है। प्राकृतिक दृष्टि से आज भी यह स्थान रमणीक है। यहां के पुष्कर की पाल के किनारे आम और कदली के उपवन दर्शक को प्रत्येक ऋतु में आकर्षित करते हैं। इन वाटिकाओं के निकट पहाड़ी पर दुगारी का गढ़ है जिसमें सीताराम मन्दिर के तीनों तिवारों में आलागीला पद्धति के भित्तिचित्र हैं, जिनके विषय रामायण और भागवत की पौराणिक कथाओं पर आधारित हैं और कालक्रमानुसार १८वीं शती के उत्तरार्द्ध के प्रतीत होते हैं और शैलीगत भेद के आधार पर ये चित्र जयपुर चित्र–शैली के अधिक निकट प्रतीत होते हैं। चित्रों की पृष्ठभूमि का रंग हरा, शबीहों का रंग सफेद, जिनके वस्त्राभूषणों पर सुनहरे और लाल रंग का अधिक प्रयोग हुआ है।

आजकल इस गढ़ में कोई निवास नहीं करता है और न ही इस मंदिर में सेवा पूजा होती है, इसी कारण गढ़ और चित्रों वाले इस मन्दिर की दशा बिगड़ती जा रही है।

७ मथुरेश मन्दिर, टोंक

यह मन्दिर टोंक शहर के बाहर जयपुर रोड़ के बायीं ओर स्थित है। इसका निर्माण श्री रामानन्द बालचन्द ने वि.सं. १६३० में कराया था। आजकल यह मन्दिर जीर्ण-शीर्ण दशा को प्राप्त हो रहा है, परन्तु इसके द्वार के ऊपर ताकों में गणेश, राधा के केश संवारते कृष्ण, रागिनी टोड़ी और आशावरी चित्रित हैं। ये चित्र आलागीला (फ्रेस्को) पद्धति से बने हैं।

८ टोडारायसिंह

टोडारायसिंह टोंक जिले की तहसील का मुख्यालय और ऐतिहासिक स्थान है। जो अपनी वापिकाओं, मन्दिरों और महलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां के महलों के एक कक्ष में बहुत ही सुन्दर और उत्कृष्ट भित्तिचित्र रहे होंगे जो वांछित देखरेख और संरक्षण के अभाव के कारण अधिकांशत: समाप्त हो गए हैं। यहां अब कुछ नारी शबीहें बची हैं जिनपर मुगल कला का प्रभाव स्पष्टत: परिलक्षित होता है। ये नारी आकृतियां अपने हाथों में फल, मोरछल और सुराही लिए हुए है और ऐसा प्रतीत होता है कि यह दृश्य कृष्ण अथवा किसी अन्य लौकिक नायक की अगवानी हेतु जाती प्रतीत होती है। चित्र की पृष्ठभूमि में वानस्पतिक चित्रण है। इनके वेशभूषा में हरे, नीले, कत्थई और पीले रंगों का प्रयोग हुआ है और उनके निर्माण में आलागीला पद्धति अपनाई गई प्रतीत होती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी कक्ष में दो नारी आकृतियां सीधे पत्थर पर उरेही गई हैं और उनमें ऐसी रंग-साजी की गई है जो अब तक नहीं मिटी है।

९ उनियारा

उनियारा टोंक से ३५ किलोमीटर पूर्व में स्थित है। यहां के राव, कछवाहों की मरुका शाखा के हैं जिन्हें उनकी वीरता के कारण मुगल बादशाहों से उनियारा के साथ-२ नगर, ककोड़ बनेठा के परगने मिले थे। यहां के शासकों में संग्रामसिंह व सरदारसिंह प्रथम बड़े ही कलाप्रेमी हुए। जैसा कि मध्ययुगीन परम्परा थी कि प्रायः राजा या जागीरदार अपने-अपने महलों में शीशमहल या चित्रशाला का निर्माण कराते थे। ऐसी ही चित्रशाला उनियारा गढ़ के महलों में भी है, जिसके निर्माण का श्रेय उनके वंशज सरदारसिंह[1] प्रथम को देते हैं। इस चित्रशाला के तीन खंड है जिनमें क्रमशः धार्मिक चित्र, राग-रागिनी और बारहमासा विषयक चित्र बने हैं। ये चित्र दीवारों पर गरदनें में बने हैं और इनके नीचे स्वयं उनियारा के रावराजा और मुगल बादशाहों, मेवाड़, कोटा और बूंदी के राजाओं के चित्र बने हैं। इन चित्रों के विषय में महत्वपूर्ण बात यह है कि सब राजाओं और यहां तक कि उनके दरबारियों के नाम काली स्याही से लिखे हैं।

इन चित्रों के रेखाकर्म में वह गतिशीलता देखने को नहीं मिलती जो बूंदी के समसामयिक भित्तिचित्रों में देखने को मिलती है। रंगयोजना में, श्वेत, श्याम, लाल, पीले रंगों का प्रयोग हुआ है। शबीहें प्रायः एकचश्मी हैं और चेहरों पर छाया की रेखायें स्पष्ट हैं, जो शाहआलमकालीन मुगल प्रभाव की परिचायक हैं। इसके अतिरिक्त इन चित्रों के वानस्पतिक चित्रण में बूंदी शैली का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखता है तथा आकृतियों के जूड़ों में मालवा का प्रभाव और शिव-पार्वती और उनियारा के रावों की चारों बड़ी शबीहों में जयपुर शैली का प्रभाव दिखता है। कई शैलियों के प्रभाव की बात यों समझी जा सकती है कि आवश्यकता पड़ने पर कई स्थानों से कलाकार बुला लिये जाया करते थे अथवा वैवाहिक सम्बन्धों के कारण विभिन्न स्थानों के कलाकार या उनकी कलाकृतियां स्वतः ही भेंट-स्वरूप मिल जाती थी जिनकी नकल करके स्थानीय कलाकार चित्र बनाया करते थे।

१० नगर

टोंक से नगर ३५ किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है। यह स्थान अत्यधिक प्राचीन है। ईसा से २०० वर्ष पहले यहां मालवों का गणराज्य स्थापित था, जिनके सिक्के यहां के प्राचीन टीले की खुदाई से मिले हैं। १६–१७ वीं शती में यह स्थान उनियारा के नरूकों के कब्जे में आया जिनके वंशजों ने यहाँ महलों में भित्तिचित्र बनवाये।

---

१ राजस्थान ललित कला अकादमी, वार्षिकी ६३, पृष्ठ ३३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ये भित्तिचित्र फ्रेस्को अथवा आलागीला पद्धति से बनाये गये। इनकी पृष्ठभूमि हरी और शबीहें प्रायः सफेद रंग की हैं। पारम्परिक वेशभूषा में पुरुषों की पगड़ियां बूंदी की खंजरदार पगड़ियों से मिलती-जुलती हैं। इन चित्रों के वर्ण्यविषय–नारी पात्रों (टोड़ी[1] आदि) बीजा–सोरठ (पनघट पर नायक) ढोला-मारू, शिकार, दरबार, तीज (श्रावण) दशहरे की सवारी, समसामयिक पड़ौसी रियासतों के शासकों की शबीहें, जैसे-उम्मेदसिंह शाहपुरा) गोपालसिंह (करौली), महाराव होल्कर, सूरजमल (भरतपुर) दुरजनशाल (कोटा), बुधसिंह (बूंदी) के चित्र हैं। इसके अतिरिक्त कृष्णलीला सम्बन्धी चित्र भी यहां बने हैं जिनमें चीरहरण, दानलीला, वेणुवादन और महारास के चित्र विशेष रूपेण उल्लेखनीय हैं।

इन चित्रों का रेखाकर्म, रंगयोजना और प्राकृतिक चित्रण ज्यों का त्यों बूंदी शैली से मिलता-जुलता है। या यों कहा जाये कि नगर बूंदी शैली का एक दूसरा केन्द्र था। कालक्रमानुसार नगर के भित्तिचित्र १८ वीं शती के प्रतीत होते हैं।

नगर की रंगशाला के दो किवाड़ों पर दर्पणकन्या के चित्र (२६"×१२") वड़े ही उत्कृष्ठ हैं। इनकी निर्माण विधि इस प्रकार है, कि पहले लाख का प्रलेप किया गया, फिर उसके ऊपर काले, सफेद रंग के माध्यम से आकृति को उभारा गया। बूंदी चित्रों की नायिका जैसी दोनों नारी आकृतियां भी छरहरी और लम्बी हैं।

अधीक्षक, कला सर्वेक्षण,
पुरातत्त्व व संग्रहालय विभाग,
राजस्थान, जयपुर

---

१ जर्नल आफ यू० पी० हिस्टारिकल क्वाटर्ली; सन् १९४७, भाग १–२, पृष्ठ २१ तथा रागाज एण्ड रागिनीज (प्रो० सी० गांगुली) पृष्ठ १६५ (अपेंडिक्स १५) में टोड़ी को दीपक राग की रागिनी (मेषकरन मत) और इसी पुस्तक के पृष्ठ १९९ की अपेंडिक्स १८ के अनुसार टोड़ी को राग हिन्डोल की रागिनी (विट्ठल कृत रागमाला) बताया है केन्द्रीय संग्रहालय, जयपुर के संग्रह के जयपुर-शैली वाले रागमाला में भी टोडी को राग हिंडौल की रागिनी के रूप में चित्रित और वर्णित किया गया है, देखिये–

हिंडोलरागः–दोहा–मधुमाधौ गंधारमिलि टोडी औ देसाषी
विलावल हिंडोल संग राग रंग जीव राषी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वामी दयानन्द का एक अप्रकाशित पत्र

● भगवतीलाल सचेती

साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर के हस्तलिखित संग्रहालय हेतु शोध सामग्री एकत्रित करने के प्रयास में स्वामी दयानन्द सरस्वती के हस्ताक्षरों से युक्त एक पत्र प्राप्त हुआ है जो अभी तक अप्रकाशित है।

यह पत्र लाहोर से २८ अप्रेल, १८७८ ई. को कविराजा श्यामल दास (प्रसिद्ध इतिहासज्ञ,मेवाड़) के ५ अप्रेल,१८७८ के पत्र के उत्तर में लिखा गया है ! पत्र में कुछ पुस्तकें रेलवे द्वारा भेजने का उल्लेख है तथा इस बाबत मोहनलाल विष्णुलाल पण्ड्या (उदयपुर) एवं कालूराम खजांची (नसीराबाद) का सन्दर्भ दिया गया है। मेवाड़ के तत्कालीन महाराणा (सज्जनसिंह) के ऐश्वर्य वृद्धि की कामना की गई है व पत्र के अन्त में पुरोहित पद्मनाथ (उदयपुर) एवं ठाकुर मनोहरसिंह (लावा सरदारगढ़) को आशीर्वाद दिया गया है।

स्वामी दयानन्द का उदयपुर में सर्वप्रथम पदार्पण ११ अगस्त, १८८२ को हुआ था। पत्र से ज्ञात होता है कि उदयपुर आगमन से पूर्व भी स्वामीजी का मेवाड़ राज्य के प्रतिष्ठित पुरुषों से सम्पर्क था।

पत्र का आकार ८"×५½" है तथा कुल ३१ पंक्तियां दो पृष्ठों में है। प्रारम्भ में सात पंक्तियां संस्कृत में तथा पश्चात् की चौबीस पंक्तियां हिन्दी में है। पत्र काली स्याही में लिखा गया है। स्वामी दयानन्द के हस्ताक्षर लाल स्याही में है तथा उनके स्वयं के हाथ से पत्र के दायें व ऊपर के हाशिये में दो पंक्तियां और लिखी गई हैं। पत्र का मूलपाठ इस प्रकार है,सुविधा के लिये मूलपाठ का ब्लॉक भी आगे दिया जा रहा है—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मूलपाठ

स्वस्ति श्रीमदनवद्यगुणगणालङ्कृत महाशय विद्वभ्यः श्रीयुत कविवर्य्य दधिवाडियोपनाम भूषित श्यामलदासेभ्यो दयानन्द सरस्वती स्वामिन आशिषः समुल्लसन्तुतमाम्। शमत्रवरी वृत्यते तत्रेश्वरानुग्रहेण भवदीयं च नित्य माशासे। अथ देशभाषया वृतान्तो विज्ञाप्यते। कुशल पत्र आपका मि. चैत्र शु. ३ ता. ५ अप्रेल का उचित समय पर हमारे पास पहुंचा। लिखा सो क्रमपूर्वक प्रकट हुआ। पुस्तकें रेल द्वारा आपके पास २५ मार्च को भेज दी गई हैं और पत्र भी पृथक २ श्री पंड्या जी तथा लाला कालूराम खजानची नसीराबाद के पास भेज दिये गये थे परंतु आज की तारीख तक आपकी वा उक्त खजानची जी की ओर से रसीद पुस्तको की नहीं आई कारण विलंब होने का मालूम नही। ऐसा जान पड़ता है कि श्री मोहनलाल विष्णलाल पंड्या जी को कुछ काम अवश्य लगा गया होगा। अब जो पुस्तकें पहुंची हों तो रसीद और पहुंच उनकी लिख भेजना उचित है हमको इस बात के श्रवण करने से अत्यन्त आनन्द प्राप्त हुआ कि हमारे आर्य्यावर्त देश के श्रीमान महाशय श्री महाराणा जी बड़े बुद्धिमान हैं परमात्मा उनका ऐश्वर्य्य प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त करे। अब हमारा कुछ काल लाहौर में वास करके एक पक्ष में पूर्व देश की ओर फिरने का विचार है। अग्रे किमधिकम्। पुरोहित पद्मनाथजी तथा ठाकुर मनोहरसिंह जी आदि सर्दार लोगों से हमारा आशीर्वाद कह दीजिये।

इति। ता० २८ अप्रेल सन् १८७८ ई०

द० दयानन्द सरस्वती

पत्र के दायें और ऊपर के हाशिये पर जो दो पंक्तियां और लिखी हुई है, वे इस प्रकार हैं—

हम लोग यहां अत्यानन्द में हैं सर्व शक्तिमान जगदीश्वर आप लोगों को सर्वदा आनन्द में रक्खे।

इस मूलपाठ वाले पत्र का ब्लॉक आगे के पृष्ठ पर दिया जा रहा है—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वस्ति श्रीमदनव घमुहागरगा लङ्कृते महाशय
विद्वद्भ्यः श्रीयुत कविवर्य्य दधिवाडियोपनाम
भूषित श्यामलदासेभ्यो दयानन्दसरस्वतीस्वा
मिन आशीषः समुल्लसन्तुतमाम्। शमत्रवरी
वर्त्यते तत्रेश्वरानुग्रहेण नव दीर्घं चानेत्य
माशासे। अपदेशानावस्था वृत्तान्तो विज्ञाप्यते।
कुशलपत्र आपका मि० चैत्र सु० ३ ता० ५
अप्रेल का उचित समयपर हमारे पास पहुं
चा। लिखा लोकमपूर्वक प्रकट हुआ।
पुस्तकें रेल द्वारा आपके पास २५ मार्चको
भेजदी गई हैं और पत्रभी पृथक २ श्री
पंड्याजी तथा लाला कालूराम खजानची
नाथीरांवाद के पास भेजदिये गये थे परंतु आज
की तारीख तक आपकी वा उक्त खजानची
जीकी ओरसे रसीद पुस्तकों की नहीं आई
कारण विलंब होने का मालूम नहीं। ऐसा
जान पड़ता है कि श्री मोहनलाल विष्णु
लाल पंड्याजी को कुछ काम अवश्य लग
गया होगा। अब जो पुस्तकें पहुंची हों तो रसीद
और पहुंच उनकी लिख भेजना उचित है

हमको इस बातके श्रवण करनेसे अत्यन्त
आनन्द प्राप्त हुआ कि हमारे आर्यावर्त
देशके श्रीमान् महाराणा श्री महाराणाजी बड़े बुद्धि
मान हैं परमात्मा उनका ऐश्वर्य्य प्रतिदिन
वृद्धि को प्राप्त करे। अब हमारा कुछ काल लाहौर
में वास करके एक पक्ष में पूर्व देशकी
ओर फिरने का विचार है। अग्रे किमधि
कम्। पुरोहित पद्मनाथजी तथा ठाकुर
मनोहरसिंहजी आदि सर्दार लोगोंसे
हमारा आशीर्वाद कह दीजिये। —
इति। ता० २८ अप्रेल सन १८७८ ई०

द० दयानन्दसरस्वती

वरिष्ठ लिपिक संग्राहक,
साहित्य संस्थान,
रा. वि. उदयपुर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विमर्श

'अचलदास खीची री वचनिका' का रचना-काल

● वेद प्रकाश गर्ग

'अचलदास खीची री वचनिका' को डॉ० तैस्सितोरी[1] तथा उनके मतानुगामी विद्वानों[2] द्वारा अभी तक अचलदास खीची की समसामयिक रचना समझकर, इसका निर्माण-काल सं० १४८० के आसपास निश्चित् किया जाता रहा है, किन्तु इधर कुछ विद्वानों ने इस कृति के उक्त रचनाकाल पर शंका व्यक्त की है और इसे काफी परवर्ती रचना माना है। ऐसा ही एक प्रयास डॉ० हरीश ने अपने 'अचलदास खीची री वचनिका का नया मूल्यांकन' शीर्षक लेख में किया है। डॉ० साहब का यह लेख उनके 'आदिकालीन हिन्दी-साहित्य-शोध' नामक लेख संग्रह[3] में प्रकाशित हुआ है। इस लेख में उन्होंने 'वचनिका' का ऐतिहासिक एवं भाषिक आलोच्य दृष्टि से गम्भीर अध्ययन उपस्थित किया है। 'वचनिका' के तथ्यों का इतिहास के आधार पर परीक्षण कर वे इस निर्णय पर पहुंचे हैं कि 'वचनिका' अचलदास खीची की समसामयिक

---

१ ए डेस्क्रिप्टिव केटेलॉग ऑव बार्डिक एण्ड हिस्टोरिकल मैन्युस्क्रिप्ट्स, भाग १, बीकानेर स्टेट, खण्ड १, पृ० ४०–४१।

२ राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृ० १०० डॉ० मोतीलाल मेनारिया; राजस्थानी सबद कोस, भूमिका, पृ० ११९, श्री सीताराम लालस; राजस्थान-भारती, भाग ५, अंक १, पृ० ८४, श्री जुगलसिंह खीची; डिंगल-साहित्य, भूमिका, पृ० २१ डॉ० जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव; राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृ० ८४, डॉ० हीरालाल माहेश्वरी; अचलदास खीची री वचनिका, इतिहास की दृष्टि से परीक्षण, पृ० ४, डॉ० दशरथ शर्मा।

३ दे पृ. ४२७-४६३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रचना नहीं है। अतः इसे सं० १४८० के आसपास की रचना स्वीकार करना भ्रमात्मक है। 'वचनिका' के रचयिता शिवदास, जो गाडण शाखा के चारण थे, ने अचलदास खीची से पर्याप्त समय बाद किंवदन्तियों तथा सुनी-सुनायी बातों के आधार पर डिंगल-भाषा में वीर रसात्मक इस छोटी-सी उत्तम कृति का निर्माण किया था। डॉ० साहब ने 'वचनिका' के इस नवीन मूल्यांकन द्वारा विद्वानों की पूर्व-स्थापित मान्यताओं के उन्मूलन के साथ ही 'वचनिका'-विषयक अपने पूर्व प्रकाशित लेख[1] की भूलों का भी निराकरण किया है। विद्वान् लेखक ने 'वचनिका' का नवीन दृष्टि से जो मूल्यांकन प्रस्तुत किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। अभी तक अन्य किसी विद्वान् ने 'वचनिका' के इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया था। खुमान रासो, विजयपाल रासो, पृथ्वीराज रासो आदि ग्रंथों की तरह इस 'वचनिका' को भी भूल से विद्वानों ने आदिकालीन रचना समझ लिया है। इसका एकमात्र कारण यह है कि इन ग्रंथों के चरित-नायकों के आविर्भाव-काल को इन ग्रंथों के ही प्रणयन का समय मान लिया है। वस्तुतः ये ग्रंथ उतने प्राचीन नहीं हैं, जितने कि मान लिए गए हैं। इस रहस्योद्घाटन के लिए डॉ. हरीश बधाई के पात्र हैं।

विद्वान् लेखक के लेखगत मन्तव्यों से सहमत होते हुए भी मेरा उनके निष्कर्षोल्लेख से मतैक्य नहीं है। इसलिए, उक्त 'वचनिका' का रचना-काल पुनर्विचारणीय है। उनके लेख की एक-दो अशुद्धियों का निराकरण करते हुए इस लेख द्वारा रचनाकाल-विषयक उनके निष्कर्ष पर अपने विचार प्रस्तुत कर रहा हूं।

सब बातों के विचारोपरान्त 'वचनिका' के रचना-काल पर डॉ० साहब का निष्कर्ष है[2] कि '........यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि कवि शिवदास या तो १७वीं शताब्दी, अर्थात् सं. १६३१ के बाद के हैं, या उससे भी बाद के, अर्थात् १८वीं शताब्दी के।' भाषा की दृष्टि से कुछ उद्धरणों की अन्य कवियों की भाषा से तुलना करने के बाद उन्होंने पुनः अपने मत को व्यक्त करते हुए लिखा है[3]—'उक्त उद्धरणों से भी कवि शिवदास सं. १६७५ या १७०० के आसपास के ही लगते हैं। अतः, हमारे मतानुसार कवि शिवदास गाडण सं. १६५० से १६७५ अथवा १७०० के बीच में ही कहीं होने चाहिए और यही वचनिका का रचना-काल भी होना चाहिए।'

---

१ परम्परा, भाग १२, सन् १९६१ ई०, पृ० ३३-४८।

२ आदिकालीन हिन्दी-साहित्य-शोध, पृ० ४४६।

३ वही, पृ० ४४९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'वचनिका' की एक हस्तलिखित प्रति १७वीं शताब्दी की, अर्थात् सं. १६३१ की प्राप्त है, जो बीकानेर की 'अनूप संस्कृत लाइब्रेरी' में सुरक्षित है। डॉ० साहब स्वयं 'वचनिका' की इस प्रति को प्रामाणिक मानते हैं।[1] जब ग्रन्थ की सं. १६३१ की प्रति प्राप्त है, तब कृति का रचना-काल उक्त समय के बाद का कैसे माना जा सकता है? आश्चर्य है; डॉ० साहब ने इस तथ्य-प्रमाण की कैसे उपेक्षा कर दी? यह कैसे सम्भव हो सकता है कि किसी कृति का रचना-काल तो बाद का हो और उसकी प्रति पूर्व समय की हो? अर्थात्, यह विचार असम्भव है। अतः, सं. १६३१ के बाद का 'वचनिका' का रचनाकाल स्थिर करना हास्यास्पद ही है। कृति की सं. १६३१ की हस्तलिखित प्रति प्राप्त होने के कारण 'वचनिका' का रचनाकाल उक्त संवत् से पूर्व का ही है। इस प्रकार, कवि शिवदास की स्थिति सं. १६३१ के पूर्व की ही सिद्ध होती है। 'वचनिका' की प्राचीनतम हस्तलिखित प्रति की पुष्पिका इस प्रकार है :—

'संवत् १६३१ वर्षे श्रावण सुदि ८ सोम दिने। घटी १६ पल ३५ विशाषा नक्षत्र घटी ३१/४८ ब्राह्मनाम योग घटी ४०/४० अचलदास खीची री वचनिका ॥ महाराजाधिराय महाराय श्री राइसींघजी विजै राज्ये जाणियाणा गांव मध्ये महाराजाधिराय महाराय श्री जोधा तत्पुत्र राज श्री बीदा तत्पुत्र राज श्री संसार चंद तत्पुत्र राज श्री सांग तत्पुत्र राज सांवलदास लिखितम् स्वात्म पठनार्थं। सुभं भवतुः। कल्याणमस्तु। श्री रामचन्द्रजी।'

यह प्रति बीकानेर के महाराजा रायसिंह के राजत्व-काल[2] (सं. १६३०से१६६८तक) में जोधाजी के पुत्र और बीदासर ठिकाने के संस्थापक बीदाजी के प्रपौत्र श्री सांवलदासजी द्वारा सं. १६३१ में लिपिबद्ध हुई थी। पुष्पिका में तथ्यों का जो विस्तार दिया हुआ है, उसके ऐतिहासिक पक्ष का समर्थन इतिहास से होता है। ज्योतिषीय विस्तार की प्रामाणिकता की जांच भी विद्वानों को कर लेनी चाहिए। विद्वान् स्वयं पुष्पिका के आधार पर डॉ० हीरा के रचनाकाल-विषयक निष्कर्ष की सार्थकता को परख लें।

अब यह विचार करना है कि सं० १६३१ के पूर्व कवि ने कब इस 'वचनिका' की रचना की? क्या कोई ऐसा प्रमाण या तथ्य प्राप्त होता है, जिसके आधार पर इसका निर्माण-काल निश्चित् किया जा सके? जब हम इस दृष्टि से 'वचनिका' का निरीक्षण करते हैं, तब हमें एक ऐसा तथ्य मिलता है, जिससे इसके रचनाकाल को स्थिर करने में कुछ

---

१ वही, पृ० ४४६ तथा ४५७।

२ मुंहता नैणसी री ख्यात, भाग ३, पृ० १८१ तथा २१०, प्र३ राजस्थान प्राच्य विद्या-प्रतिष्ठान, जोधपुर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहायता मिलती है। युद्ध में जिन हिन्दू-राजाओं ने माण्डू के सुलतान का साथ दिया, उनमें कवि ने एक उल्लेख इस प्रकार किया है–'……अवर देवड़ा हींदू-राइ बंदि-छोड़ दूसरा मालदे समरसीह सारिखा।'

इस उल्लेख में कवि ने समरसिंह की समता दूसरा मालदेव कह कर 'मालदेव' से की है अर्थात् उसे दूसरा मालदेव बतलाया है। यह मालदेव कौन है, जिनसे कवि ने इस प्रकार उपमा दी है? राजस्थान में जोधपुर-नरेश राव मालदेव राठौड़ इतिहास-प्रसिद्ध शासक हुए हैं। उन्हीं का उल्लेख कवि ने इस रूप में किया है। वैसे राजस्थान में और भी कई मालदेव हुए हैं, किन्तु अपने कर्मबल पर जो ख्याति इतिहास में राव मालदेव राठौड़ ने प्राप्त की है, वह दूसरों ने नहीं की। अतः वे इस कोटि में नहीं आते, जिससे समता की जा सके। जोधपुर के राव मालदेव ही इस समता-कोटि में आते हैं। इनका राज्य-काल सं० १५८८ से सं० १६१९ तक है।[1] अतः, इस तथ्य के आधार पर मेरा विचार है कि इस 'वचनिका' का निर्माण १६१९ और सं. १६३१ के मध्य किसी समय हुआ। इसकी पुष्टि इसकी भाषा से भी होती है। इसकी भाषा १७वीं शताब्दी के प्रारम्भ की है; जो 'देईदास जैतावत री बेल,' 'रतनसी खींवावत री बेल,' 'राणा उदैसिंघ री बेल' आदि मुगल-सम्राट् अकबरकालीन डिंगल-भाषा की रचनाओं की भाषाओं से बहुत मिलती जुलती है। 'वचनिका' की भाषा अचलदास के समय, अर्थात् सं. १४८० के आसपास की भाषा कदापि नहीं है। वस्तुतः, यह रचना अचलदास खीची की समसामयिक नहीं है और न ही सं. १६३१ के बाद की है, बल्कि शिवदास ने सं. १६१९ और सं. १६३१ के बीच किसी समय चारण-भाटों की बहियों, लोक कथाओं, किंवदन्तियों तथा सुनी-सुनायी बातों के आधार पर इस ग्रन्थ की रचना की है।[2] इसमें आए हुए ऐतिहासिक व्यक्तियों के नाम अधिकांश में कपोल-कल्पित एवं मनगढ़न्त हैं। इतिहास की दृष्टि से यह रचना ऐतिहासिक महत्व की नहीं है, किन्तु काव्य-सौष्ठव की दृष्टि से यह वीर रस की एक उत्कृष्ट रचना है। अब दो एक अशुद्धियों की ओर संकेत कर उनका निराकरण करते हुए लेख समाप्त किया जाता है।

शिवदास ने जिस ऐतिहासिक युद्ध-कथानक को आधार बनाकर इस 'वचनिका' का निर्माण किया है, वह युद्ध-गागरौग गढ़-नरेश अचलदास खीची और माण्डू के सुलतान होशंगशाह के मध्य सं० १४८० (सन् १४२३) में हुआ था,[3] जिसकी पुष्टि

---

१ मुंहता नैणसी री ख्यात, भाग ३, पृ २१५

२ सं० १६३१ वाली प्रतिलिपि मूल की सर्वप्रथम प्रतिलिपि प्रतीत होती है। अपनी उत्कृष्टता एवं रोचकता के कारण इस रचना का प्रचार भी पर्याप्त हुआ है।

३ उत्तर तैमूरकालीन भारत, भाग २, पृ० ५७, प्र० इतिहास-विभाग, मुस्लिम वि. वि. अलीगढ़।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुसलमानी तवारीखों से होती है। डॉ० हरीश तथा अन्य कई लेखकों ने सं० १४८५ में इस युद्ध का होना लिखा है, जो प्रमाण-पुष्ट न होने के कारण अशुद्ध है।

'वचनिका' में दो पंक्तियां इस प्रकार आयी हैं-'बाई सम्मलादे भोज की कान्ता अचल की जनेता। कुल वहूतउ बाई पुहपाई राणा मोकल की सारधू।' डॉ० हरीश ने उक्त अंश का अर्थ करते हुए अपने लेख में लिखा है-'भोज की कान्ता और अचल की जनेता से स्पष्ट होता है कि सफला दे बाई अचलदास की पुत्री तथा भोज की पत्नी थी और कुलवधू राणा मोकल की सारधू थी।[1] यह अर्थ अशुद्ध और अस्पष्ट है। 'भोज की कान्ता और अचल की जनेता' से यह अर्थ है कि सफला दे भोज की पत्नी और अचलदास की माता थी। भोज, अचलदास के पिता का नाम था, इसीलिए 'वचनिका' में उन्हें 'भोजाउत' कहा गया है। इस तथ्य की पुष्टि इतिहास से भी होती है।[2] 'कुल बहू तउ बाई पुहपाई राणा मोकल की सारधू' इस अंश का स्पष्ट अर्थ है-'बाई पुष्पावती राणा मोकल की सुपुत्री और अचलदास की रानी।' यद्यपि यह तथ्य इतिहास की दृष्टि से पूर्ण भ्रामक है, फिर भी पंक्तियों का अर्थ तो शुद्ध और स्पष्ट होना चाहिए था। डॉ० साहब ने एक स्थान पर लिखा है-'गहलोतजी ने अपने इतिहास[3] में अचलदास के पुत्र का नाम धीरज लिखा है और कवि शिवदास ने कहीं भी धीरज नाम का उल्लेख नहीं किया, यह बात समझ में नहीं आती। इसके प्रतिकूल उन्होंने रचना में पाल्हण सी (पाल्हणसिंह) को सम्भवतः अचलदास का पुत्र बताया है।[4] डॉ० साहब के उल्लेख के विपरीत श्री जुगलसिंह खीची ने अपने 'अचलदास खीची री वचनिका का परिचय' नामक लेख में बतलाया है[5] कि 'धीरज' का उल्लेख 'वचनिका' में मिलता है। उनका उल्लेख है-'वचनिका' में भी यह लिखा है कि 'धीरज कहाँ राणा मोकल सी पासि गयौ थौ।' अतः, 'वचनिका' में धीरज के नाम न होने की बात समझ में नहीं आती। पाल्हणसी की पुष्टि इतिहास से होती है। गागरौण-राजवंशावली में अचलदास खीची के पुत्रों में 'पाल्हणसिंह' के नाम का भी उल्लेख मिलता है।[6] अतः सन्दिग्धता की गुंजाइश नहीं।

१४, खटीकान स्ट्रीट, मुजफ्फर नगर, (उ० प्र०)

---

१ आदिकालीन हिन्दी-साहित्य-शोध, पृ० ४३७।
२ भगवन्तरायजी खीची और उनके मण्डल के कवि; डॉ० महेन्द्रप्रतापसिंह पृ० ४७।
३ श्री जगदीशसिंह गहलोत : राजपूताने का इतिहास, मारवाड़-राज्य, पृ० ११५।
४ आदिकालीन हिन्दी-साहित्य-शोध, पृ० ४३६।
५ राजस्थान-भारती, भाग ५, अंक १, पृ० ८३।
६ भगवन्तराय खीची और उनके मण्डल के कवि, पृ० ४७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समीक्षा

पृथ्वीराज रासो-इतिहास और काव्य

डॉ० राजमल बोरा, **प्रकाशक–नेशनल पब्लिशिंग हाउस–दिल्ली; मूल्य–२५) रुपये,**

प्रस्तुत पुस्तक डॉ० राजमल बोरा की हिन्दी वीर काव्यों पर समीक्षात्मक अध्ययन-माला के प्रकाशन की योजना का प्रथम पुष्प है। पृथ्वीराज रासो लगभग एक शताब्दी से ऐतिहासिकता, प्रामाणिकता, रचयिता, रचनाकाल एवं उद्धारक शृंखला आदि की दृष्टि से एक विवादास्पद काव्य–ग्रंथ रहा है। ग्राउज और बूलर के मध्य प्रारम्भ हुए विवाद की अब तक भी समाप्ति नहीं हो पाई है। कविराजा श्यामलदास, पं० मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या, डॉ० गौ० ही० ओझा, हर प्रसाद शास्त्री, टेसीटोरी, डॉ० दशरथ शर्मा, प्रो० नरोत्तमदास प्रभृति अनेक ख्याति लब्ध इतिहास और साहित्य-मर्मज्ञ विद्वानों ने समीक्षात्मक लेखादि लिखकर अपने प्रबल तर्कों के द्वारा समस्याओं के समाधान में योग दिया है। नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित वृहत् संस्करण के उपरान्त लघु और लघुतम रूपान्तरों के अनेक संस्करण भी प्रकाशित हो चुके हैं। विभिन्न स्थानों में विकीर्ण इसकी सैंकड़ों प्रतियों का पता लगा कर उन्हें प्रकाश में लाने का भी विद्वानों ने प्रयास किया है। डॉ० राजमल बोरा ने पृथ्वीराज रासो से सम्बन्धित अद्यावधि प्रकाशित यथा सम्भव समस्त तथ्यों का समाहार कर अपनी निष्पक्ष विवेक शक्ति के आधार पर उनका विवेचन किया है और यत्र-तत्र कतिपय नवीन स्थापनाएं और सुझाव प्रस्तुत किये हैं।

समस्त पुस्तक सात अध्यायों में विभाजित है। 'प्रकाशन से पूर्व' शीर्षक प्रथम अध्याय में नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के द्वारा प्रकाशित वृहद्-संस्करण से पूर्व उदयपुर में प्राप्त हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर रासो को इतिहास ग्रन्थ मानकर किये गये विवाद पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है कि विवाद में ग्रस्त विद्वानों ने न तो इन प्रतियों की प्रामाणिकता की ओर ध्यान दिया और न उन्होंने उनकी ऐतिहासिक छानबीन ही की। 'वृहद् संस्करण और साहित्य का इतिहास' शीर्षक द्वितीय अध्याय में विद्वान् लेखक ने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बृहद् संस्करण के प्रकाशन के उपरान्त हुए विवाद का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए ध्यान आकर्षित किया है कि (१) हिन्दी साहित्य के इतिहास ग्रंथों में मात्र बृहद् संस्करण का परिचय दिया गया है-अन्य रूपान्तरों का नहीं; तथा (२) रासो के प्रामाणिता सम्बन्धी विवाद में ध्यान ऐतिहासिक आधार पर रहा है, उसकी पुरातनता को प्रामाणिकता से भिन्न मानकर विवेचन नहीं किया गया है।

तृतीय अध्याय में रासो के मुद्रित संस्करणों का परिचय देते हुए अप्रामाणिक सिद्ध किये गये बृहद् संस्करण के महत्त्व की ओर ध्यान दिलाया गया है। यह संस्करण अब दुर्लभ हो गया है। साहित्य संस्थान, विद्यापीठ के तत्वावधान में डॉ० मोतीलाल मेनारिया इसी संस्करण के आधार पर पृथ्वीराज रासो-कोश तैयार कर रहे हैं। शोध ग्रंथों और लेखों में चर्चित रासो के मध्यम संस्करण के प्रकाशन की आवश्यकता पर भी लेखक ने जोर दिया है।

